कोटा, झालावाड़ एवं सवाई माधोपुर से एक साथ प्रकाशित

Visit us at http://www.dailydeshkidharti.com

वंदेमातरम्

# दैनिक देश की धरती

संस्थापक : स्व.हुकमचंद जैन Email:dhartikota@gmail.com कोटा दूरभाष 2411711, मो.9829221551

वर्ष 50 अंक 45 कोटा शनिवार 15 फरवरी 2025 फाल्गुन कृष्णा 3 सं. 2081 प्रभात पृष्ठ 8 मूल्य:2.00 रुपये



**अमेरिका कल 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को भेजेगा, विमान अमृतसर में लैंड होगा, 5 फरवरी को 104 को हथकड़ी-बेड़ियों में लाया गया था**



**राजस्थान के CRPF जवान ने 10 साथियों पर की फायरिंग, मणिपुर कैंप में सब इंस्पेक्टर समेत 2 जवानों की मौत, खुद ने भी किया सुसाइड**

## होली से पहले 'दीवाली' मनाएगी भाजपा!

- जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष, नहीं बढ़ेगा नड्डा का कार्यकाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत मार्च के पहले हफ्ते तक शुरू हो जाएगी। होली (14 मार्च) से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बन सकती है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। फरवरी के आखिरी तक 18 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम



घोषित होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी कराया जा सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव हो जाएं। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल देने की जगह पार्टी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेगी। हालांकि, भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई व्यक्ति लगातार दो टर्म के लिए चुना जा सकता है। इस लिहाज से नड्डा तकनीकी रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की योग्यता रखते हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि उन्होंने दोबारा अध्यक्ष बनने की जगह किसी नए व्यक्ति को यह जिम्मेदारी देने की बात कही है। दक्षिण भारत से किसी को मौका संभव, 20 साल से नहीं बना इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बनाने का विचार है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर बढ़ाई रोक

- पूर्व ट्रेनी आईएएस पर यूपीएससी परीक्षा में धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर लगी रोक 17 मार्च तक बढ़ा दी। कोर्ट ने 15 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को



जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। खेडकर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में बताया कि खेडकर जांच में सहयोग कर रही हैं लेकिन पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। वहीं, कोर्ट ने पूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने के लिए दिया गया समय भी बढ़ाया है। पूजा पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगता कोटे से आरक्षण लेने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोप है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पलटा पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का 23 दिसंबर 2024 का आदेश पलट दिया था।




## भारत-म्यांमार सीमा पर बायोमेट्रिक डिटेल्स से नजर

### 45 दिनों में 7000 लोग भारत आए, पर्सनल डेटा भी दे रहे

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम राइफल्स के साथ बायोमेट्रिक विवरण और पहचान पत्र साझा करने के बाद दिसंबर से अब तक 7,000 लोग म्यांमार से भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत-म्यांमार सीमा पिछले साल संशोधित फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) के तहत कड़े नियम लागू किए गए थे। इसके लिए उनका बायोमेट्रिक डेटा को जमा किया जाएगा, जो नेशनल डेटा सेंटर से जुड़ा होगा। केंद्र सरकार ने पिछले साल फ्री मूवमेंट रिजीम को खत्म करने का निर्णय लिया था लेकिन बाद में एक और स्ट्रीक्ट नियम बनाया गया, जिसे दिसंबर 2024 में मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड सरकार को संशोधित लागू करने को कहा गया। असम राइफल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक- अब

- **एंट्री प्वाइंट 22 से बढ़कर 43 होंगे, असम राइफल्स है तैनात**

सीमा पर करने के लिए 43 निर्धारित एंट्री प्वाइंट होंगे। हालांकि अभी 22 एंट्री प्वाइंट ही चालू है। इन एंट्री प्वाइंट पर लोगों से बायोमेट्रिक डेटा, एड्रेस सहित अन्य जानकारियां लेकर पास जारी किए जाते हैं। उन्होंने आगे बताया- दिसंबर से लोगों को अपने गांव के ऑथोरटी के सामने डाक्यूमेंट चेक करवाना जरूरी है। इसकी जांच के बाद असम राइफल्स के लोग उनकी फोटो और बायोमेट्रिक जानकारियां रिकॉर्ड करके पास जारी करते हैं। इस डेका को इकट्ठा किया जा रहा है ताकि हमें मालूम हो कि हमारे क्षेत्रों में कौन इकट्ठा हो रहा है। अगर कोई गलत करता है तो हमारे पास उनकी मूवमेंट का रिकार्ड होगा। नए एफएमआर के अनुसार बॉर्डर के 10 किलोमीटर के अंदर रहने वाले लोग एक बॉर्डक पास से दोनों देशों में 7 दिनों तक यात्रा कर सकते हैं।

## महाकुंभ में रुक नहीं रहा है श्रद्धालुओं का 'रेला'

*भारी भीड़ से फिर जाम हुआ प्रयागराज शहर, जगह-जगह बैरिकेडिंग*

### अब तक रिकॉर्ड 50 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, राहुल व प्रियंका भी आएंगे

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में 33 दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इतिहास में ये सबसे बड़ा आयोजन रिकॉर्ड किया गया। 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ के अभी 12 दिन और बचे हैं। अमेरिका और चीन की कुल आबादी के बाद तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर लोग प्रयागराज पहुंचे हैं। ब्राजील के रियो फेस्टीवल या जर्मनी के अक्टूबर फेस्ट में आने वाली भीड़ इसके मुकाबले कुछ नहीं है। महाकुंभ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 16 फरवरी को डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के



मुताबिक, उनके आने का प्रोग्राम लगभग फाइनल हो चुका है। तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ में शुक्रवार को फिर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। 13 जनवरी से अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। 3 दिन बाद फिर प्रयागराज की सड़कों पर फिर जाम लगा है। सुलेमसराय इलाके में 1 किमी तक वाहनों की लाइन लगी है। नैनी ब्रिज पर भी जाम लगा है।

### सुरक्षा को लेकर सीएम योगी ने की मीटिंग

सुलेमसराय इलाके में 1 किमी तक वाहनों की लाइन लगी है। नैनी ब्रिज पर भी सुबह 1.5 किमी लंबा जाम लगा है। संगम क्षेत्र में भीड़ बढ़ने से कई बैरियर पर लोगों को रोक दिया गया है। पुलिस लगातार अनाउंस कर रही है कि श्रद्धालु संगम क्षेत्र खाली होने का इंतजार करें। कल शनिवार और फिर रविवार है। ऐसे में प्रशासन का अनुमान है कि वीकेंड पर भीड़ उमड़ सकती है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ में मीटिंग की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सीनियर अफसर खुद सड़क पर उतरें और हर स्तर पर जवाबदेही तय करें। योगी ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले रास्तों में कहीं पर भी जाम न लगे। श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं आए।

## अब भारत में ताबड़तोड़ रिएक्टर लगाएगा यूएस

### हो गई 21वीं सदी की सबसे बड़ी न्यूक्लियर डील



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 16 साल पहले दोनों देशों के बीच हुए ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के तहत भारत में अमेरिकी डिजाइन वाले परमाणु रिएक्टरों के निर्माण को सुविधाजनक बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। 2008 में ऐतिहासिक डील होने के बाद पहली बार है जब दोनों देशों ने इस दिशा में तेजी से आगे काम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और पूरे संकेत भी दिए हैं। भारत और अमेरिका के बीच यह 21वीं सदी की सबसे बड़ी डील कही जा सकती है। इस डील को फाइनल यूपीए सरकार में ही किया गया था। हालांकि अब तक इसे जमीन पर उतारने का काम नहीं हो सका अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में गुरुवार को ट्रंप और मोदी ने अपनी बातचीत में ऊर्जा सहयोग को मजबूती से आगे बढ़ाने का फैसला किया। असैन्य परमाणु समझौते ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को बदल दिया और इसने विशेष रूप से और इससे रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करने के रास्ते खुल गए हैं। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान के अनुसार, 'ट्रंप और मोदी ने बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण और संभावित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की योजनाओं के साथ आगे बढ़ते हुए अमेरिका-भारत 123 असैन्य परमाणु समझौते को साकार करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की।

- **भारत और अमेरिका दोनों देशों को होगा बड़ा फायदा**

## आरएसएस की रैली को मिली 'हाई' परमीशन

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में होनी वाली रैली के लिए अनुमति दे दी है। इसी के साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, कलकत्ता हाई कोर्ट की जज अमृता सिन्हा ने आरएसएस रैली के आयोजकों



को सशर्त अनुमति दी। आरएसएस की बंगाल इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती दी थी। वहीं, जिला पुलिस ने इसी आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

## चेर्नोबिल न्यूक्लियर पावर प्लांट पर रूस का हमला

- यूक्रेन के रेडिएशन शेल्टर को नुकसान, परमाणु विकिरण से तबाही का खतरा

**कीव (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन के चेर्नोबिन परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है, जिसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट के संवेदनशील हिस्से को बड़ा



नुकसान हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने ये जानकारी दी है। चेर्नोबिल को दुनिया की सबसे बड़ी नागरिक परमाणु आपदा के लिए जाना जाता है। 1986 में इसके चार रिएक्टरों में से एक में विस्फोट हुआ था। उस रिएक्टर को अब तक प्रोटेक्टिव शेल्टर से घेर दिया गया है, ताकि विकिरण को रोका जा सके। जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूसी ड्रोन हमले में रिएक्टर के रेडिएशन शेल्टर को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचा है। जेलेस्की ने कहा कि रूसी ड्रोन ने न्यूक्लियर पावर प्लांट में नष्ट हो चुकी बिजली यूनिट के शेल्डर पर हमला, जिससे आग लग गई।

## दिल्ली में यमुना और कूड़ा बढ़ाएगा बीजेपी की टेंशन

### प्रचंड जीत के बाद भी पार्टी की कम नहीं होंगी चुनौतियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के सामने कई बड़ी चुनौती हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी चुनौती है कि राज्य की वित्तीय हालत सही बनाए रखते हुए अपनी महत्वाकांक्षी चुनावी वादों को पूरा करना। ऐसे में पार्टी ने यमुना की सफाई, कूड़े के ढेर से निपटने, सड़कों, जल आपूर्ति और स्वच्छता में सुधार जैसे मुद्दों पर प्रचार किया, साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) के अधूरे वादों को भी उजागर किया। अपने घोषणापत्र में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के अधूरे वादों को पूरा करने का वादा किया और कई मुफ्त उपहारों की पेशकश की। अब जब दिल्ली के मतदाताओं ने भाजपा के 27 साल लंबे इंतजार को खत्म कर



दिया है, तो पार्टी के सामने इन वादों को पूरा करने का चुनौतीपूर्ण काम है। भाजपा के प्रमुख वादों में गरीब महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की एकमुश्त सहायता, गरीबों को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपये पेंशन (70 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए 3,000 रुपये) और गरीब परिवारों के बच्चों के लिए किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक मुफ्त शिक्षा शामिल है। हालांकि, सीमित बजट और दिल्ली की वित्तीय स्थिति को देखते हुए इन वादों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण होगा, हालांकि केंद्र में भाजपा की सत्ता होने से दिल्ली की भाजपा सरकार का बोझ कम हो सकता है। हाल के वर्षों में अकेले यमुना की सफाई की लागत 8,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है, लेकिन दिल्ली में नदी की स्थिति अभी भी दयनीय है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाने के लिए अनुमानित 10,200 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, दिल्ली मेट्रो विस्तार के तीसरे चरण को पूरा करने और चौथे चरण को विकसित करने में 2,700 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, इन कार्यों को पूरा करने के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी।

**वक्फ बिल विवाद**



## कुतुब मीनार और हुमायूं के मकबरे को भी बताया अपनी संपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद को सौंपी गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में राष्ट्रीय महत्व के करीब 280 स्मारकों को वक्फ बोर्ड ने अपनी जायदाद घोषित किया हुआ था। इन स्मारकों में ज्यादातर राजधानी दिल्ली में हैं। इनमें कुतुब मीनार, फिरोजशाह कोटला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, जहांआरा बेगम की कब्र, कुतुब मीनार क्षेत्र में स्थित आयरन पिलर (लौह स्तंभ), इल्तुतमिश का मकबरा जैसे स्मारकों पर भी वक्फ का दावा है। समिति की सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इन स्मारकों की फेहरिस्त सौंपी थी। इसके अलावा शहरी विकास मंत्रालय ने कमेटी को बताया कि भूमि एवं विकास विभाग की 108 और एएसआई की 130 संपत्तियां वक्फ के कब्जे में दी गईं। वक्फ ने बाद में इन स्मारकों पर अपना दावा बताया। एक समय देश में वक्फ बोर्ड की 52 हजार रजिस्टर्ड संपत्तियां थीं। आज 9.4 लाख एकड़ जमीन पर 8.72 लाख अचल संपत्तियां हैं। वक्फ संपत्ति उसे कहते हैं, जिसे मुस्लिमों ने धार्मिक या धर्मार्थ के लिए दान दी हो। इसमें रजिस्टर्ड संपत्ति को न बेच सकते हैं न ही उनका स्वामित्व बदल सकते हैं, लेकिन नए कानून से कई चीजें बदलेंगी, जैसे... पहले वक्फ अधिनियम, 1995 कहते थे। आगे यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट एक्ट कहेंगे। पहले वक्फ की जमीन पर दावा करने वाला वक्फ ट्रिब्यूनल में अपील कर सकता था, लेकिन अब वो कोर्ट में भी कर सकेगा। पहले ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती नहीं दे सकते थे, लेकिन अब हाईकोर्ट में चुनौती दे सकेंगे। पहले जिस जमीन पर मस्जिद या इस्लामिक उद्देश्यों के लिए उपयोग होता हो, वो वक्फ की होती थी। अब दान की ही जमीन वक्फ की होगी, भले ही उस पर मस्जिद हो। पहले वक्फ बोर्ड में महिला और गैर धर्म के लोग सदस्य नहीं हो सकते थे। अब दो महिलाओं और 2 गैर मुस्लिम सदस्य रखने होंगे। कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं, इसका फैसला राज्य सरकार की ओर से नामित अधिकारी करेगा।

- **ऐसे 280 स्मारकों के नाम शामिल, संसद को सौंपी जेपीसी की रिपोर्ट में खुलासा**

# मातृ-पितृ पूजन दिवस व पुलवामा के शहीदों को श्रृद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न



**बारां 14 फरवरी।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान बारां द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय में सृष्टि रचनाकार भगवान विश्वकर्मा को याद करते हुए पुलवामा में शहीद हुए शहीदों को नमन तथा मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन बालकों में राष्ट्रीय भाव, संस्कृति व संस्कारों का बीजारोपण करने हेतु किया। प्रचार प्रमुख प्रवीण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के जवान जितेन्द्र नागर व मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य सत्यनारायण पाँचाल ने अभिभावकों व भैया बहिनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सृष्टि रचनाकार भगवान विश्वकर्मा द्वारा सृष्टि का सृजन किया गया था जिसमें परिवार संचालन का दायित्व माता-पिता को दिया गया इसीलिए भारतीय संस्कृति में बालक का प्रथम गुरु माता पिता को माना जाता हैं। मातृ-पितृ पूजन दिवस का उद्देश्य बालकों में भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित कर परम्परा व संस्कारों का प्रतिपादन करना है। पुलवामा हमले में शहीद हुये भारत के वीर जाबांज सीआरपीएफ जवानों को याद करते हुए शहीद प्रतीक पर पुष्पांजलि से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सेना के जवान जितेंद्र नागर ने अभिभावकों व भैया बहिनों को संबोधित कर कहा कि आज के दिन हमारे लिए एक भाव विभोर करने वाला दिन भी है जो वीर जवान हमारी रक्षा करने के लिए रात दिन सीमा पर खड़े रहते है उन वीर जवानों पर एक आतंकी संगठन द्वारा कायरता पूर्ण हमला कर दिया जाता है और उसमें हमारे जाबांज जवान शहीद हो जाते है उन शहीदों को हम हमेशा याद रखेंगे उन के परिवार वालो के प्रति संवेदना हमेशा रखेंगे। मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम में भैया बहिनों ने अपने माता-पिता को तिलक लगाकर चरण स्पर्श व आरती कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन इन्द्रराज नागर ने किया। विद्या मन्दिर के सभी आचार्य दीदी ने भाग लिया एवं अभिभावक गोष्ठी कर बालकों की शिक्षण सम्बंधित जानकारी सांझा कर सुझाव लिए।इस दौरान सुरेन्द्र नागर,आशु यादव, वर्षा साहू, पूजा वैष्णव,खुशी टेटवाल,सलोनी सेन,मीनाक्षी कुशवाहा, दिलकेश नागर ने सहभागिता की। आभार व शांति पाठ तथा भारतीय संस्कृति संरक्षण का संकल्प दिलाकर समापन किया गया। यह जानकारी विद्या भारती प्रचार विभाग द्वारा दी गई।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## एडीएम ने सुरक्षित यातायात के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश




बारां, 14 फरवरी। जिले में बेहतर यातायात के प्रबंधन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर दिवांशु शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर वहां रोकथाम की कार्रवाई प्रभावी ढंग से करें। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को अभियान चला कर अवैध वाहनों की जपती और खास तौर पर बाल वाहिनी और स्कूल बसों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अंता मोड, किशनगंज, केलवाड़ा और शाहाबाद घाटी जैसे दुर्घटना संभावित स्थलों पर सड़क के गड्डों को भरने यातायात संकेतक लगाने और पुलिस की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई न होकर धरातल पर सड़क सुरक्षा के मानकों को पूरा किया जाए। उन्होंने हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात प्रभारी को शहर में जैन मंदिर के आसपास एवं अटरू रोड पर मंडोला के पास जैसे स्थानों पर विपरीत दिशा में चलने वाले वाहनों के अधिक अधिक चालान बनाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को अवैध स्थलों पर की गई पार्किंग पर वाहनों को उठाने के लिए क्रेन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र शेखावत, जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा, एसई पीडब्ल्यूडी राजवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जांच में अपात्र पाए जाने पर जिले के 28 राशन कार्ड धारकों को थमाये नोटिस

**बारां, 14 फरवरी।** जिला रसद अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अधिनियम-2013 के तहत गेहूं लेने वाले अपात्र व्यक्तियों द्वारा सक्षम होने के बावजूद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में राशन सामग्री लेने वाले 28 राशन कार्ड धारकों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जा चुके है। जिले में अभी तक स्वेच्छा से 1205 व्यक्तियों द्वारा नाम हटवाए गए है। अपात्र एवं सक्षम व्यक्तियों से वसूली हेतु रसद विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। अपात्र लाभार्थियों की जांच करवाई जा रही है। ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य आयकर दाता हो। ऐसे परिवार जिसका कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी व स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी, अधिकारी हो अथवा 1 लाख से अधिक पेंशन प्राप्त करता हों। ऐसे परिवार जिसके किसी भी एक सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (टैउक्टर एवं वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर, जो जीविकोपार्जन के उपयोग में आता हो), नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल मे निर्मित पक्का आवासीय, व्यवसायिक परिसरधारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर), नगर पालिका क्षेत्र में 1500 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय, व्यवसायिक परिसर धारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोडकर), एक लाख रुपये वार्षिक से अधिक आय सीमा वाले परिवार, ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्यों के स्वामित्व में कुल कृषि भूमि लघु कृषक हेतु निर्धारित सीमा से अधिक हो, ऐसे परिवार जिसके पास ग्रामीण क्षेत्र में 2000 वर्ग फीट से अधिक स्वयं के रिहायश हेतु निर्मित पक्का मकान हों।

# एडवोकेट ललित नागर के अपरलोक अभियोजक बनने पर स्वागत किया



बारां, 14 फरवरी। मुंशी एसोसिएशन अभिभाषक परिषद ने संरक्षक सरदार सिंह नायक व उप संरक्षक नरेंद्र गौतम की अगुवाई में शुक्रवार को न्यायालय परिसर में एडवोकेट ललित नागर के अपर लोक अभियोजक बनने पर फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वालों ओमप्रकाश पारेता अध्यक्ष, हरिशंकर शर्मा, महेश चतुर्वेदी उपाध्यक्ष, जोधराज गुर्जर मंत्री, ओमप्रकाश शर्मा संगठन मंत्री, सुरेश मेघवाल कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण सेन, छीतरलाल सुमन सलाहकार, पंकज कुशवाह, लीलाधर गुर्जर पंचार मंत्री, सतीश जाटव, पवन नागर, जोनी ऐरवाल, मो. अजहर, तरूण नामा, शामीन मो. मो. शाद, सुरेंद्र गुर्जर, कार्तिक मीणा, दुष्यंत त्रिपाठी, अमन सिंह बैरवा, महेंद्र कुमार मीणा आदि शामिल रहे।

# विद्युत आपूर्ति प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**बारां, 14 फरवरी।** 15 फरवरी 2025 शनिवार को 132 के वी रेलवे लाइन के विद्युतीकरण के कार्य के कारण इस उपखंड के अधीनस्थ 33/11 के वी उपकेंद्र बाबजी नगर से संबंधित क्षेत्र तेल फैक्ट्री, नाकोड़ा कॉलोनी, रिद्धिका कॉलोनी, बाबजी नगर, आमापुरा, कोटा रोड, धान मंडी क्षेत्र, कॉलेज रोड, उत्तम कॉलोनी आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता शहर विद्युत विभाग अनुराग शर्मा द्वारा दी गई।

# तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**अंता 14 फरवरी।** राजकीय महाविद्यालय अंता में आज कौशल विकास एवम् जागरूकता समिति और हस्तशिल्प केंद्र वस्त्र मंत्रालय जयपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला, 12 फ़रवरी से 14 फ़रवरी, का समापन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के हस्त शिल्प कला के प्रशिक्षण द्वारा सिखाए वस्तुवों का प्रदर्शन किया गया और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए । प्राचार्य डॉ फातिमा सुल्ताना ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह दिखाया और चमड़े के चप्पल, पर्स और अन्य कर्शिदाकारी वस्त्र बनाए, उन्होंने प्रशिक्षण देने आए हस्त शिल्पकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के समन्वयक श्री नेकीराम ने बताया कि जयपुर से पधारे प्रशिक्षक श्री सज्जन जी ने अन्ता में तीन दिन रह कर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बहुत ही प्रेरणा प्रदान किया और उन्हें आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाया । उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने केवल सीखा ही नहीं बल्कि अंतिम रूप से चप्पल, पर्स आदि उत्पाद तैयार कर लिए । कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए । कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश कुमार और डॉ संजय गोयल ने किया । समापन कार्यक्रम में श्री बृजेश शर्मा, श्रीमती अभिशंसा, श्री मनीष भार्गव एवं अन्य सभी स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे एवं सभी की सहभागिता से कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# शारजहां में भारत के सामुदायिक सेवा की प्रदर्शनी लगाकर सबका मनमोहा

**बारां, 14 फरवरी।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा दसवां इंटरनेशनल स्काउट गैदरिंग कार्यक्रम शारजहां में चयनित कोटा संभाग के रोवर आदित्य शेखावत ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यक्रम में तिरंगा लहराकर एवं भारत राष्ट्र में संचालित सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट एवं राजस्थान प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय ग्रीन कोर योजना की प्रदर्शनी लगाकर पूरे विश्व को भारत के स्काउट गाइड संगठन में किया जा रहे सेवा कार्यों सामुदायिक कार्यों एवं राजस्थान प्रदेश में पर्यावरण विषय पर विशेष कार्यों की जानकारी देने पर सभी विश्व के अन्य देशों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में भारत देश में स्काउट संगठन समाज के लिए एक उपयोगी संगठन की भूमिका निभा रहा है। आदित्य शेखावत द्वारा राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को बताते हुए राजस्थानी पोशाक एवं यहां के पर्यटन स्थलों की एवं अन्य जानकारी प्रदान की। उनके इस प्रदर्शन की भारत राष्ट्र के समस्त स्काउट गाइड संगठन के पदाधिकारी एवं राजस्थान प्रदेश के राज्य सचिव पीसी जैन राज्य संगठन आयुक्त पूरन सिंह शेखावत कोटा मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर बारां जिले के सर्कल ऑर्गनाइजर प्रदीप चितौड़ा कोटा जिले के बृज सुंदर मीणा एवं अन्य पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रस्तुत की। सर्किल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा ने बताया कि कोटा संभाग के रोवर आदित्य शेखावत द्वारा वास्तव में भारत राष्ट्र के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश एवं कोटा संभाग का गौरव बढ़ाया है।

रीट पात्रता परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**बारां, 14 फरवरी।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रीट पात्रता परीक्षा को लेकर शुक्रवार को मिनी सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जारी निर्देशों की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि रीट पात्रता परीक्षा पूर्ण जिम्मेदारी से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाई जाए तथा परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा कक्ष में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। रीट पात्रता परीक्षा के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उसकी पूरी पालना हो तथा पेपर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि परीक्षा से संबंधित गाइड़लाईन को भली प्रकार से अध्ययन कर ले। उन्होंने कहा कि परीक्षा देने आ रही महिला अभ्यर्थियों से संबंधित दिए गए निर्देशों के अनुरूप महिला कार्मिक ही जांच करेगी। शालीनता और संयम के साथ व्यवहार करें। परीक्षा केन्द्र में निर्धारित ड्रेस कोड का ध्यान रखें। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं होगा तथा परीक्षा की गोपनीयता को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि परीक्षा में



किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में केन्द्र अधीक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। परीक्षा की गंभीरता को समझते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षक अलर्ट रहकर इस जिम्मेदारी को पूरा करें। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल लगाए गए है तथा प्रत्येक केन्द्र पर महिला सिपाही भी उपस्थित रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मोबाईल व उड़नदस्तें भी निरन्तर गश्त करेंगे। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल की अनुमति किसी को नहीं होगी। बैठक में अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# स्वामी विवेकानंद बी.एड कॉलेज के विद्यार्थियों ने हरियाणा में रचा इतिहास



केलवाड़ा 14 फरवरी। स्वामी विवेकानंद बी. एड कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्टिवल उमंग 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करके यूनिवर्सिटी ऑफ़ कोटा टीम के रूप में 38th ए एल यू इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल 2025 हिसार हरियाणा 8 से 12 फरवरी 2025 में भाग लिया जहां कल्चरल कार्यक्रम में द्वितीय स्थान व ट्राइबल डांस ( सहरिया स्वांग )में चौथा स्थान प्राप्त किया आज कॉलेज में रोली तिलक व माल्यार्पण व मुंह मीठा करा कर शिवम,प्रमोद,भारत,सचिन,अंकित, अजय,आकाश, रोहित, राम लखन,एवं शिवदयाल का जोरदार स्वागत किया कॉलेज निदेशक श्री अभिषेक सिंह सोढ़ी,सचिव श्री अभिलेख सिंह सोढ़ी कोषाध्यक्ष ज्योतिंदर कौर, संरक्षिका प्रवीण कौर प्राचार्य डॉ0 छीतरमल खटीक,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 तपन कुमार ढाली हरदयाल मीणा,रघुवीर जाटव,साहिल अहमद, रविन दास एवं कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

# पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि हेतु दौड़े एआरसी और एएफसी के धावक



अंता 14 फरवरी रनर्स चेरीटेबल संस्था और अंता फिटनेस क्लब के तत्वावधान में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरुप एआरसी और एएफसी के धावकों द्वारा खेमजी गार्डन से हॉस्पिटल पीडब्ल्यूडी तिराहा ,सीएडी तिराहा धानमंडी,शिवाजी चौक होते हुए धावक सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम के सामने पहुँचे तथा मानव श्रृंखला बनाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर पुलवामा शहीदों को याद किया।, इस दोरान मुकेश मीणा रविंद्र शर्मा भूपेंद्र राठौर महावीर राव आदि सदस्य मौजूद थे।

# होली खेले रघुबीरा अवध में - साध्वी प्रियंका भारती

छबड़ा 14 फरवरी। पंचायत समिति के ग्राम पंचायत भूलोन के ग्राम नियामतपुर मे नरवर शिवपुरी से पधारी हुई साध्वी प्रियंका भारती के श्रीमुख से चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर आज



कथा मे भगवान श्री राम का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया आयोजक परिवार के सदस्य केदार सुमन ने बताया की आज कथा मे साध्वी द्वारा भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से संबधित कई मार्मिक प्रसंग सुनाये गए जिन्हे मनुष्य को अपने जीवन मे अवश्य उतारना चाहिए, एवं भगवान की शिक्षा दीक्षा के बारे मे बताया,कथा मे आज बृज व अवध का होली महोत्सव भी मनाया गया जिसमे सभी भक्तो ने खूब आंनद किया, आज कथा मे पंचायत समिति प्रधान हरिओम नागर, सरपंच राहुल शर्मा, कौशल मिश्रा,रवि शर्मा छात्र संघ अध्यक्ष,मनोज नागर निपानिया , संग्राम सिंह मीणा, गिरिराज गुर्जर, मोरसिंह गुर्जर, ओम बजाज, अशोक उपाध्याय आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जयपुर में हुआ रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन



**छबड़ा 14 फरवरी।** द इनोसेंट्स क्लब सोसाइटी द्वारा 23 फरवरी रविवार को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन जयपुर में हुआ। सोसाइटी अध्यक्ष एडवोकेट हस्सान ख़ान ने बताया कि राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष व आदर्श नगर विधायक रफीक ख़ान द्वारा रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन, सिल्वन पार्क, जामडोली, जयपुर में किया गया। इस अवसर पर पत्रकार रहीम खान, टाटा प्रकाश मीणा व शाकिर कुरैशी आदि कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जयदीप सोलंकी ने रक्तदान किया

बारां, 14 फरवरी। रक्तवीर युवा टीम बारां जिलाध्यक्ष गोविंद सुमन ने बताया कि एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कैथोडी निवासी मरीज रामकैलाश जिनको एक्सीडेंट केस में इमरजेंसी में एबी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। ब्लड बैंक में एबी पॉजिटिव ब्लड की कमी के चलते परिजनों से व्यवस्था न होने पर गोविंद सुमन को सूचना मिलते ही टीम के सक्रिय सदस्य जयदीप सोलंकी ने एक कॉल पे ब्लड बैंक पहुंचकर एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट कर मरीज को जीवनदान दिया एवं बारां निवासी योगेंद्र प्रजापति ने स्वेच्छा से बी पॉजिटिव रक्तदान किया।

# सशक्त बारां प्रगति को शक्ति अभियान के तहत मांगरोल में शिविर 17 को

बारां, 14 फरवरी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी शुभम नागर ने बताया कि जिले में सशक्त बारां प्रगति को शक्ति अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को ब्लॉक अटरू में विशेष योग्यजन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 131 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया शिविर में संयुक्त सहायता, अंग उपकरण योजनान्तर्गत ट्राइसाईकिल के 23, श्रवण यंत्र के 02, बैसाखी के 02, एम. आर. कीट के 04 व वॉकर के 01 आवेदन प्राप्त हुए। इसी क्रम में विभिन्न विभागों के माध्यम से आगामी शिविर 17 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे सोमवार को स्थान पंचायत समिति, मांगरोल में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# कल निरंकारी संत समागम उदयपुर में

## सुविनेत्र हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ.एस.के.पाण्डे व उनकी टीम सेवाएं देगी



**कोटा 14 फरवरी।** परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 16 फरवरी को उदयपुर के गीतांजलि एनक्लेव, मीरा नगर ओपेरा गार्डन के पास, विशाल मैदान में गुजरात और राजस्थान का संयुक्त राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। प्रातः 11:00 से सायं 4:00 बजे तक आयोजित होने वाले इस दिव्य अवसर को लेकर श्रद्धालु भक्तों में अपार श्रद्धा और उल्लास का संचार हो रहा है। सुविनेत्र हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ.एस.के.पाण्डे व उनकी टीम सेवाएं देगी जिससे यह समागम एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आध्यात्मिक संगम के रूप में स्थापित हो सके। सतगुरु माता जी की दिव्य वाणी से श्रद्धालु भक्त सद्भाव, समर्पण और आत्मिक उत्थान का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान, गुजरात, आसपास के क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्तजन एकत्रित होकर इस दिव्य महासंगम के साक्षी बनेंगे और सत्संग के मधुर आनंद का रसपान करेंगे। संत भगवान दास बुलचंदानी जी ने बताया कि समागम स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियां कंप्लीट हो चुकी है ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्यता और भक्ति का अद्भुत अनुभव प्राप्त हो। भक्तजन पूरी निष्ठा और सेवाभाव से समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में योगदान दे रहे हैं। लंगर, प्याऊ, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है।

कोटा जोन के जोनल इंचार्ज संत बृजराज सिंह जी यादव ने बताया कि इस संत समागम से पूर्व युवाओं को प्रेरित करने और उनकी सकारात्मक ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन राजस्थान एवं गुजरात राज्यों के युवा श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं ज्ञान प्रचारक संत कल्याण लाल जी ने बताया कि विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मिक शांति, अनुशासन और प्रेम के मार्ग पर अग्रसित करने का प्रयास किया गया। यह सिम्पोजियम केवल एक कार्यक्रम भर नहीं था, अपितु इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए उनमें सेवा, एकता और समर्पण की सच्ची भावना को जागृत करना है लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी विधायक संदीप शर्मा जी सुविनेत्र हॉस्पिटल के डायरेक्टर सुरेश पांडे जी एवं प्रशासनिक अधिकरिजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। निसंदेह आध्यात्मिक शांति, प्रेम और विश्वबंधुत्व का यह दिव्य संगम भक्तों एवं आने वाले अनुयायियों के जीवन को सार्थकता प्रदान करेगा, जहां हर हृदय सेवा, समर्पण और सत्य की भावना से ओत-प्रोत होकर आत्मिक आनंद की दिव्य अनुभूति करेगा। इस पावन संत समागम में सभी श्रद्धालु भक्त, नगरवासी, बुद्धिजीवी एवं प्रभु प्रेमी जन सादर आमंत्रित है। निरंकारी संत समागम में भी श्रद्धालु भक्तजनो ने कोटा से प्रस्थान किया और आज जाएंगे।

## सीमलिया में जिला कलक्टर ने किया खसरों का निरीक्षण

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर



**कोटा, 14 फरवरी।** सीमलिया में जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने विभिन्न खसरों का निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने गिरदावरी प्रक्रिया को ऑनलाइन फीड करने के निर्देश दिए और किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को गिरदावरी प्रक्रिया में हर संभव सहायता मिले ताकि वे इस कार्य में आत्मनिर्भर बन सकें और भूमि रिकॉर्ड से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि किसानों तक प्रत्येक योजना की जानकारी नियमित रूप से पहुंचाई जाए ताकि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए और धरातल पर प्रभावी रूप से कार्य किया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की और आवश्यक निर्देश दिए।

## छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग, 4 बालिका छात्रावासों का निरीक्षण

कोटा, 14 फरवरी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला ने शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी के निर्देशानुसार विनोबाभावे नगर स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चार बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी करियर काउंसलिंग की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सही लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को सरकारी नौकरियों एवं अन्य करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सविता कृष्णिया, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी लाडपुरा, निशांत सिंह, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मी मालव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की

**कोटा, 14 फरवरी।** रक्तवीर युवा टीम सदस्य मोहित दाधीच ने बी पाजिटिव एसडीपी डोनेट की।रक्तवीर युवा टीम संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती किसी मरीज़ को इमरजेंसी में बी पॉज़िटिव एसडीपी की आवश्यकता थी ऐसे में टीम सदस्य मोहित दाधीच ने अग्रवाल ब्लड बैंक पहुंचकर बी पॉज़िटिव एसडीपी डोनेट की।इससे पूर्व भी 10 बार रक्तदान एवं एसडीपी डोनेट कर चुके हैं।इस दौरान रक्तवीर युवा टीम के वरिष्ठतम सदस्य नरेश दाधीच,शुभम पारेता,गोविंद मेघवाल,गणेश दाधीच इत्यादि मौजूद रहे।

## नेत्रदान किया

**कोटा, 14 फरवरी।** कोटा पाटनपोल निवासी श्यामलाल नामा का आकस्मिक निधन मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट विंग में हुआ। मरीज श्यामलाल गुरुवार को सुपर स्पेशलिस्ट विंग भर्ती हुए थे। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार शर्मा एवं दीपिका अवस्थी ने नेत्रदान के लिए परिवार को प्रेरित किया। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की प्रेरणा से श्याम लाल के पुत्र नारायण लाल और उमाशंकर ने नेत्रदान की सहमति दे दी। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद शर्मा ने नेत्रदान की सूचना नेत्र विभाग के नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा को दी। आई बैंक के टिंकू औझा द्वारा श्याम लाल के नेत्र संकलित किए गए।

## बीमारियां रोकथाम के लिए 8118 घरों का सर्वे किया

**कोटा 14 फरवरी।** मौसमी बीमारिया डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की 654 टीमों ने 8118 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधयां की। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि टीमों ने 11923 कंटेनरों (टंकी/कूलर/अन्य) की जांच की। लार्वा पाए 47 कंटेनरों को उपचारित किया। 522 कंटेनरों को खाली कराया। 390 कंटेनरों में टेमीफोस व 352 स्थानों पर एमएलओ डाला। इस दौरान 111 ब्लड स्लाईड ली गई। आमजन को बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्फलेट भी बांटे।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत सिलिकोसिस स्क्रीनिंग कैंप में 64 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**कोटा/इटावा 14 फरवरी।** 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान को लेकर निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेन्द्र नागर के निर्देशानुसार शुक्रवार को चिकित्सा विभाग की ओर से तिरुपति स्टोन क्रेशर काली सिंध ढीपरी गांव व आसपास के क्षेत्र मे सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 64 श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हे परामर्श दिया। इनमे सें 9 को स्पूटम जांच और 54 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। शिविर में 37 की शुगर/बीपी की जांच हुई। क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगो को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय और बचाव के साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव-उपचार निक्षय मित्र एवं , निक्षय संबल योजना के बारे में भी बताया गया।

## मंदिर शिखर का हुआ कलशारोहण

**कोटा, 14 फ़रवरी।** जवाहर नगर स्थित पंचबालयती मंदिर में विराजित आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जवाहर नगर जिनालय में नवनिर्मित मंदिर के शिखर और कलशारोहण का भव्य आयोजन शुक्रवार को हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष विमल जैन नान्ता ने बताया शुक्रवार को प्रातः साढ़े 8 बजे मंदिर के शिखर की प्रतिष्ठा विधानाचार्य पंडित उदय शास्त्री के द्वारा प्रारंभ की गई उससे पूर्व जिनेंद्र भगवान का अभिषेक शांतिधारा एवं अष्टद्रव्य से पूजन कर आचार्य महाराज की पूजन की गई। जवाहर नगर जिनालय समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोधा ने बताया कि 9 बजे मंत्रोच्चार द्वारा शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित किया गया।तत्पश्चात आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के मंगल प्रवचन एवं 11 बजे संघ की आहार चर्या संपन्न हुई। सांय साढ़े 6 बजे आनंद यात्रा के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान की भक्ति की। इस दौरान अध्यक्ष सुरेंद्र गोधा, सचिव अरुण पहाड़िया,लोकेश जैन,यतीश खेड़ावाला,विनय जैन,जे के जैन प्रकाश बज आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान के तहत छोगा जी की बावड़ी की सफाई

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा कोटा शहर में चलाए गए। स्वच्छता अभियान के तहत छोगा जी की बावड़ी की सफाई की गई। इस अभियान के अंतर्गत रामपुरा मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश महावर ने बताया कि लाडपुरा स्थित 500 वर्ष पुराने प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के पास बनी इस ऐतिहासिक बावड़ी को साफ करने का कार्य किया गया। इस सफाई अभियान का नेतृत्व मंदिर समिति उपाध्यक्ष नंदकिशोर महावर और मंडल प्रतिनिधि महेंद्र गर्ग ने किया। सफाई के दौरान 2 एचपी की तीन मोटरों का उपयोग कर करीब 12 से 15 फुट तक गंदा पानी बाहर निकाला गया। साथ ही, बावड़ी की दीवारों पर जमी गंदगी, फफूंद और कचरे को भी पूरी तरह हटाया गया। इस सफाई अभियान में सुरेंद्र महावर, तेज सिंह चौहान, जीतू महावर, दिलीप चतुर्वेदी, केशव मित्तल, अजय सेनी, जस्सू सुमन, हुकुमचंद महावर, दीपक महावर, शैलेंद्र महावर और दीपक बाबा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत इस ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई से स्थानीय लोगों में संतोष और प्रसन्नता देखने को मिली। इस पहल से यह संदेश दिया गया कि पुराने ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करना और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ओम बिरला द्वारा चलाए गए इस स्वच्छता अभियान में शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान जारी रहेगा, जिससे कोटा को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में मजबूती मिलेगी।



## मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

**कोटा 14 फरवरी।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर तुल्य सम्मान दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था।

दीप प्रज्वलन और कार्यक्रम का शुभारंभ- कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे वातावरण श्रद्धा और भावनात्मक ऊर्जा से भर गया।



**विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान**-प्रधानाचार्या महोदया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए गए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे और यह दृश्य अत्यंत हृदयस्पर्शी बन गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, कविता, नाटक, योग और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ किया। विशेष रूप से कक्षा एलकेजी के छोटे विद्यार्थियों ने अपने मासूम अंदाज में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

# "कामयाब कोटा अभियान"

## छात्रावासों में करियर काउंसलिंग, खेल-कूद और सुविधाओं का होगा विस्तार



**कोटा, 14 फरवरी।** कामयाब कोटा अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को केरियर काउंसलिंग दी गई। इसी क्रम में जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी शुक्रवार को टैगोर नगर स्थित राजकीय देवनारायण आदर्श बालक छात्रावास एवं राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास पहुंचे। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक तैयारियों, करियर विकल्पों और हॉस्टल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

बच्चों के सपनों को मिलेगा सही मार्गदर्शन- निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। अधिकतर बच्चों ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, जबकि 12वीं के छात्र पवन मीणा ने बताया कि वह पीटीआई (शारीरिक शिक्षक) बनना चाहता है। इस पर कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिया कि उसे सही मार्गदर्शन दिया जाए ताकि वह अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सके। इसके अलावा, कलेक्टर ने बच्चों को मेहनत और समर्पण से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यदि छात्र सही दिशा में निरंतर प्रयास करें तो उनके सपने जरूर पूरे होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए टेस्ट सीरीज हल करने और पुराने प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने की सलाह दी।

खेल-कूद के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश-संवाद के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से उनकी रुचि के खेलों के बारे में भी चर्चा की। अधिकतर बच्चों ने बताया कि उन्हें कबड्डी खेलना पसंद है, लेकिन नी-केप न होने के कारण चोट लगने का डर रहता है। इस पर कलेक्टर ने तुरंत निर्देश दिया कि दानदाताओं के माध्यम से नी-केप, फुटबॉल, क्रिकेट बैट-बॉल, चेसबोर्ड और अन्य खेल सामग्री की व्यवस्था कराई जाए। खेलों को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर ने मौके पर ही छात्रों की दो टीमें बनाकर कबड्डी मैच कराया। उन्होंने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने और शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। हॉस्टल की सुविधाओं में होगा सुधार- राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास में निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि हॉस्टल में पानी का कनेक्शन नहीं है। इस पर कलेक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को मौके से ही फोन कर जल्द से जल्द पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सविता कृष्णिया को निर्देश दिए कि हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के लिए डी-वार्मिंग अभियान चलाया जाए और पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाए। इसके लिए सीएसआर के माध्यम से आरओ सिस्टम लगवाने के निर्देश भी दिए गए।

कोचिंग एवं शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध-कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि हॉस्टल में रह रहे उन बच्चों का नामांकन अनुप्रति योजना के तहत कराया जाए, जिससे उन्हें कोचिंग की सुविधा मिल सके। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित निरीक्षण करने की हिदायत भी दी। इस दौरान ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निशांत सिंह, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मी मालव और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया और उन्हें मेहनत से पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षा नगरी कोटा में पुलवामा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन



**कोटा।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में लैंडमार्क सिटी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर समाजसेवा की भावना को मजबूत करना था। रक्तदान शिविर में 150 से अधिक यूनिट रक्तदान एकत्र हुआ। रक्तदान शिविर की शुरुआत सुबह से हुई, जो देर रात 8 बजे तक चला। इस दौरान करीब 150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी भाग लिया। इस पहल को सभी ने सराहा और इसे राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा का प्रतीक बताया। इस मौके पर कुन्हाडी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ÷शहीदों के नाम रक्तदान शिविर आयोजित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज पूरा देश पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा, ÷हमारा हर दिन ही प्रेम दिवस के समान है, क्योंकि देश के प्रति प्रेम ही सबसे बड़ा प्रेम है। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता।÷ सीआई भारद्वाज ने बताया कि रक्तदान शिविर में लड़कियों ने अधिक संख्या में रक्तदान किया है, जो बेहद गर्व की बात है।

## आशा सहयोगिनियों ने रैली निकाल किया प्रदर्शन

**कोटा 14 फरवरी।** हिन्द मजदूर सभा से संलग्न राजस्थान आंगनबाडी आशासयोगिनी वर्कर्स यूनियन द्वारा आशासहयोगिनियों की जायज मांगों को बजट में शामिल करने हेतु विशाल रैली एवम धरने का आयोजन किया गया। रैली जिला कलेक्टर कार्यालय पर आम सभा मे परिवर्तित होने के बाद आम सभा मे तब्दील हुई। आम सभा को हिन्द मज़दूर सभा की राष्ट्रीय सचिव कॉम चम्पा वर्मा ने संबोधित करते हुये बताया कि आशा सहयोगिनी की समस्याओं का सरकार शिघ्र ही समाधान करे जिसमे 1.आशा सहयोगिनियों को नियमित सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। 2.महगाई को देखते हुये न्यूनतम वेतन 26000 रूपये होना चाहिये। वर्तमान राजस्थान सरकार ने चुनाव से पहले आशा सहयोगिनियों को लाभ देने के कई वादे किये थे। जैसे - वेतन बढ़ायेगें तथा सामाजिक सुरक्षा आदि 3.सेवानिवृति पर कम से कम 5 लाख से 10 लाख एक मुश्त धनराशि दी जाये। 4.पेशंन प्रतिमाह 10 हजार रूपये किया जाये। 5.चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को जो सुविधाऐं मिलती है। वो सभी सुविधाऐं आशासहयोगिनियों को भी मिलनी चाहिये। 6.आशा सहयोगिनियों को आशा सॉफ्ट में दर्ज देय सभी गतिविधियों में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 3 गुना किया जाये। 7. आशा सहयोगिनियों को ऑन लाईन कार्य करने हेतु नया टेबलेट स्मार्ट फोन दिया जाये।



## कोटा में सरस राजसखी मेला शुरू, महिलाओं की आजीविका के लिए बड़ा ऋण वितरण

**कोटा, 14 फरवरी।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्, ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में कोटा के दशहरा मैदान में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर का सरस राजसखी मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह रहे, विशिष्ट अतिथि बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार यादव, जिला अग्रणी प्रबंधक श्रीमती दिलीप कौर रही। अध्यक्षता राजीविका की जिला परियोजना प्रबंधक नेहा चतुर्वेदी ने की। अतिथियों द्वारा रिबन काट कर एवं दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया । इस अवसर पर लोन मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें राजीविका द्वारा गठित कुल 387 समूहों की विभिन्न बैंकों द्वारा 14 करोड़ रूपये की ऋण राशि का वितरण किया गया। जिसमें सर्वाधिक बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा दस करोड़ रूपये का ऋण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए वितरित किया गया। मेले की जानकारी देते हुए राजीविका कोटा की जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती नेहा चतुर्वेदी ने बताया कि दशहरा मैदान में 7 दिनों तक चलने वाले सरस राजसखी मेले का शुभारंभ किया गया है जिसमें भारत की विविधता, लोक कलाओं और संस्कृति का अनूठा संगम देखने के लिए मिलेगा। मेले में देश के कोने कोने से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित अनूठे उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की तांत साड़ी, पटचित्र, बाड़मेर का एप्लिक वर्क, बनारस से बनारसी साड़ी, मध्यप्रदेश के महेश्वर से महेश्वरी साड़ी, कोटा डोरिया, हैंडमैड साबुन, जूट बैग, कोटा डोरिया, सहित विभिन्न हस्तशिल्प के उत्पादों की प्रदर्शिनी लगाई जाएगी। साथ शहरवासी खरीददारी के साथ जायके का लुत्फ उठा सके इसलिए फूड फेस्टिवल के अंतर्गत हिमाचल, आंध्र प्रदेश सही कई राज्यों के पारंपरिक और आधुनिक व्यंजन परोसे जाएंगे। मेले लकी ड्रा सहित विभिन्न मनोरंजन की गतिविधियां होंगी। मेले का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा ।



कार्यक्रम में राजीविका के जिला प्रबंधक रामेश्वर पारेता, महेंद्र मीणा, ममता गौतम, सृष्टि, कृतिका जोशी, प्रियंका, अंतिमा , राजू रंजन, सोनू रजक, सहित ब्लॉक एवं क्लस्टर स्टाफ सहित सैकड़ों की संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन राजीविका के ब्लॉक परियोजना प्रबंधक भरत शर्मा ने किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## प्राथमिकता में एआई

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई एक्शन समिट ने जहां आने वाले दौर के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की अहमियत को रेखांकित किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसेक अपने इनोवेशन से पूरी दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। कम समय और बहुत कम लागत में चेट जीपीटी से कहीं बेहतर एआई टूल पेश करके डीपसेक ने बताया कि इस फील्ड में आउट ऑफ बॉक्स सोच से ज्यादा बड़ी चीज कुछ नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि डीप सेक ने वाकई कमाल किया है। लेकिन निरंतर बदलती, विकसित होती तकनीक वाली इस फील्ड में हर इनोवेशन की अपनी सीमाएं भी होती हैं, जिनका ध्यान रखने की जरूरत होती है। खासकर सुरक्षा से जुडे पहलू को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस बिंदु पर इस चीनी इनोवेशन को भी कई तरह के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर बैठक में भी कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। एआई इनोवेशन में भारत पीछे छूटने का जोखिम नहीं उठा सकता।

## क्रूरता की हद है

समाज में संवेदनशीलता, सहिष्णुता और मानवीय करुणा के लगातार हो रहे क्षरण को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। लगता है, इस दौर में मनुष्य सभी मानवीय मूल्यों का परित्याग कर नफरत, भेदभाव और अनैतिकता की राह पर चल पड़ा है। अकारण आक्रोश में और कभी स्वार्थवश वह ऐसी क्रूरता कर बैठता है, जिससे मानवीयता को गहरी ठेस पहुंचती है।ऐसे में प्राय- निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। किसी को भी मार डालने का उन्माद मनुष्य में कोई एक दिन में पैदा नहीं हुआ है। इसे समझने के लिए इसकी जड़ में जाने के साथ समाजशास्त्रीय अध्ययन की भी जरूरत है। आज जिस तरह हैवानियत बढ़ रही है, इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य के मन में न तो प्रकृति के लिए, न बेजुबानों के लिए और न ही इंसानों के लिए करुणा बची है। पिछले दो-तीन दशक में बेशक हम आधुनिक हो गए हों, मगर हमारी प्रवृत्ति कई मामलों में आदिम हो गई लगती है।दिल्ली में रविवार को हुई घटना इसका उदाहरण है। एक वाहन चालक ने एक रसोइए को महज इसलिए पीट-पीट कर मार डाला कि उसकी बस की सीट और फर्श पर गलती से खाना बिखर गया था। आरोपी ने उसकी हत्या से पहले दिल दहला देने वाली क्रूरता की।भागदौड़ की जिंदगी के बीच रोजी-रोटी के लिए संघर्ष बढ़ा है। मगर इसी के साथ लोगों में सद्भाव की भावना खत्म हो रही है। अब छोटी-छोटी बातों को लेकर वे न केवल घरों में, बल्कि सड़कों पर भी लड़ने लगे हैं। लोग अब महंगी गाड़ियों में अवश्य चलने लगे हैं, लेकिन किसी की गाड़ी से जरा-सी खरोंच लग जाए, तो वे न केवल असभ्यता से पेश आते हैं, बल्कि शारीरिक क्षति पहुंचाने से भी संकोच नहीं करते।सहनशीलता, करुणा, क्षमा और मानवीयता मनुष्य के आभूषण हैं। मनुष्यता के ये गुण कैसे लुप्त हो गए? हैवानियत का शिकार संबंधित रसोइया अपनी कमीज उतार कर सफाई कर रहा था, फिर भी आक्रोश में अंधे चालक और उसके साथियों ने उसके साथ बर्बरता की। यह तय है कि सभी आरोपी कठघरे में आएंगे, लेकिन निर्दोष रसोइया कभी घर नहीं लौटेगा।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

(ललित गर्ग)

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति?विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता?पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता?पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ?साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता?पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ?साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति?विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता?पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे?जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे?वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है। दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था।

> *रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है? शर्म जब बिकाऊ हो जाती है।*

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर

(अजय कुमार)

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार 'आम आदमी पार्टी' का भी जुड़ गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें(मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई,ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में 'दिल्ली का मालिक मैं हूं' जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है। अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था,जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों,लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5643


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5642

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5643



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 26 सितंबर 1923 को इस महान अभिनेता और निर्माता ने जन्म लिया था (5)
5. विवाह के समय वधू को वर को अंगीकार करना (3)
6. 1970 की पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित फिल्म जिसमें राजकुमार-प्रिया राजवंश की जोड़ी थी (4)
9. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
11. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर ललिता पंवार अभिनीत 1970 की सफल फिल्म (6)
13. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
14. सड़क, मार्ग (2)
15. यहूदियों और मुसलमानों के धर्म शास्त्रों के अनुसार मनुष्य आदि का प्रजापति (3)
16. यह अभिनेत्री 2000 की मिस यूनिवर्स थी (4)
18. पराया, गैर आदमी (3)
20. कपि, दोहे का एक भेद (3)
21. रचित होना, क्रियान्वयन होना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम (5)
2. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)
3. आवागमन (4)
4. खटाई के योग से जमाया हुआ दूध (2)
7. गति, चाल (3)
8. यह भारत का 28 वां राज्य है जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी (4)
10. यह एक संस्कृत नाटक है (5)
12. अवस्था, दशा (2)
14. कारोबार, तिजारत, व्यवसाय (4)
15. प्रतिष्ठा, मान, इज्जत (3)
16. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
17. जंघा, जांघ (2)
18. पीछे (अंग्रेजी) (2)
19. विविध, अनेक प्रकार के (2)

### वर्ग पहेली 5642 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | | ए | शि | या |
| ल | ल | न | | अ | क | रा | |
| वा | क | | त | मा | वा | | वि |
| | ना | त | | न | द | | य |
| त | | ह | | त | र | स | ना |
| ब | ह | री | न | | मै | ल | |
| ला | म | | फा | | ली | मा | |
| | ल | क्ष्य | | ह | सी | न | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। किसी कीमती चीज के खोने या चोरी होने का डर रहेगा। बच्चों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी और कोई अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। शाम को कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। तरक्की मिलने से आपको खुशी होगी और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे की योजनाओं पर काम कर पाएंगे।

### वृष
आज दिन खुशहाली और तरक्की से भरा रहेगा। आपका पूरा दिन शांतिपूर्ण रहेगा और जो भी प्रयास आप करेंगे उसमें आपके हाथ कामयाबी लगेगी। आपके राजनीतिक प्रयास सफल होंगे। करियर में भी सफलता मिलेगी। सरकार से जुड़े लोगों को फायदा होगा आपको किसी कारण से कुछ अप्रिय लोगों से मिलना पड़ सकता है।

### कर्क
आज दिन बहुत शुभ है और आपके लिए तरक्की के अच्छे योग बन रहे हैं। धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। शाम को कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है और आपको परिवार के साथ खुशी हासिल होगी। आपकी तरक्की होगी।

### सिंह
आज का दिन महत्व और प्रभाव को बढाने वाला रहेगा। पारिवारिक जीवन के साथ ही साथ आपको कल के दिन कार्यक्षेत्र में भी सम्मान मिलेगा। अधिकारी वर्ग का व्यवहार आपके प्रति अनुकूल रहेगा और आपके लिए उन्नति का संयोग बनेगा। आपके घर में कल भौतिक सुख साधनों की वृद्धि होगी। जो लोग विदेश यात्रा के लिए प्रयास कर रहे।

### मिथुन
आज दिन लाभदायक है। तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में अच्छी सफलता मिलेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। दोपहर बाद किसी कानूनी मामले में जीत मिलेगी। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी। आप ऑफिस से जुड़े किसी नए प्रॉजेक्ट पर काम करेंगे।

### कन्या
आज करियर के मामले में दिन अच्छा है। भाग्य में वृद्धि होगी। बिना कारण के विवाद हो सकते हैं। अपनी बुद्धि से किए गए कामों में नुकसान हो सकता है। किसी बुरी खबर के कारण अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। इसलिए सावधान रहें और विवादों से बचें।

### तुला
आज ग्रहों की स्थिति अच्छी है। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। आपके अच्छे व्यवहार का आपको लाभ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। मनचाहा लाभ होगा। भागदौड़ की वजह से थकान हो सकती है। किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आपको कारोबार में मुनाफा अच्छा मिलने से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज दिन सफलता से भरा रहेगा। परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। पैसों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। धन लाभ होगा, जिससे सुख-समृद्धि बढ़ेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। यात्रा से सुख मिलेगा और तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में निवेश किए धन का बेहतर रिटर्न मिलेगा। धन में भी वृद्धि होगी। दिन सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

### मकर
आज दिन लाभदायक है। आर्थिक मामलों में तरक्की होगी। नए प्रयास सफल होंगे। कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। योजनाएं सफल होंगी। शाम को किसी झगड़े में न पड़ें। रात में मेहमानों का आगमन हो सकता है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। आपके लिए धन सम्मान में वृद्धि के योग हैं और आपको तरक्की हासिल होगी। धन में वृद्धि होगी और तरक्की होगी।

### कुंभ
आज करियर में लाभ होगा। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। सरकार से जुड़े लोगों से फायदा होगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक शुभ योग बनेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। आप जिन योजनाओं पर काम कर करे हैं उनमें आपको धन लाभ मिलने की अच्छी संभावना है। पारिवारिक जीवन में आपके कल के दिन सुख शांति बनी रहेगी।

### धनु
आज दिन शुभ है। अच्छी संपत्ति मिलने के संकेत हैं। करियर में तरक्की होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी हो सकती है। यात्रा सुखद और फायदेमंद रहेगी। शाम के समय लाभ होगा। तरक्की के योग बनेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी और अच्छी खबर मिलेगी। आपको धन सम्मान का लाभ होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### मीन
आज धन में वृद्धि होगी। व्यापारियों को भाग्य का साथ मिलेगा। किसी बीमारी के कारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा। इसमें धन खर्च होगा। धन में वृद्धि होगी और व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आपके लिए धन लाभ के साथ ही तरक्की के योग बने हैं। किसी बेहतर संस्थान से आपके लिए बुलावा आ सकता है।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों का कॉलेज की पैथोलॉजी लैब भ्रमण

**कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज एवं सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में फैकल्टी सदस्य डॉ. रंजना गुप्ता और डॉ. सोनल सिंह के साथ पीएमसी अमेरिकन अस्पताल, इंद्रविहार की पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को लैब में उपस्थित चिकित्सकों और सहकर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न जांचों की जानकारी-विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न रोगों के लिए रक्त और ऊतक के नमूने एकत्रित किए जाते हैं और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर स्लाइड तैयार की जाती है। इसके बाद माइक्रोस्कोप से नमूनों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाती है। सैंपलिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

## कोटा मंडल प्रमुख स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद के 22 स्टॉल स्थापित

**कोटा।** एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विस्तार करते हुए कोटा मंडल के 19 रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा डिजाइन किए गए 22 स्टॉल स्थापित किये गए है। इस योजना के तहत स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर एक स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे है। लोकल उत्पाद की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, गंगापुर 4 स्टेशनों के स्टॉल को 2 हजार रूपए प्रति माह एवं अन्य सभी 15 स्टेशनों पर मात्र 1 हजार रूपए की दर से एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉलो का आवंटन किया जा रहा है। साथ ही योजना का लाभ देने के लिए प्रतिमाह 40 यूनिट मुफ्त विधुत उपभोग करने की छूट एवं स्टॉल की संचालन अवधि को 15 दिन से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया गया है।

## अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने सहकारिता मंत्री से मिलकर जताया आभार

**कोटा।** राजस्थान की 36 जिला भूमि विकास बैंकों को 130 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त स्वीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भूमि विकास बैंक कोटा के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने जयपुर प्रवास के दौरान सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दत्त से शिष्टाचार मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोटा जोन के अंतर्गत विभिन्न जिलों को ऋण वितरण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। कोटा भूमि विकास बैंक को 2 करोड़, झालावाड़ को 1 करोड़ तथा बूंदी व बारां को 50-50 लाख रुपये का लक्ष्य 31 मार्च 2025 तक के लिए आवंटित किया गया है।राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान दिए जाने के परिणामस्वरूप भूमि विकास बैंकों द्वारा वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋण मात्र 5.05 प्रतिशत और दीर्घकालीन अकृषि उत्पादक ऋण मात्र 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। राठौड़ ने कहा?कि राजस्थान में मात्र भूमि विकास बैंक ही न्यूनमतम दरो पर किसानों को ऋण उपलब्ध करवाता है।

## सांगोद में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास आज

**कोटा/ सांगोद, 14 फरवरी।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को अपराह्न 1 बजे नगर पालिका सांगोद में 4 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेंद्र नागर ने बताया कि श्रीनागर एक करोड़ की लागत से नगर पालिका क्षेत्र सांगोद में बनने वाली विभिन्न सड़कों का शिलान्यास करेंगे। वहीं 2.76 करोड़ की लागत से बनने वाले नालों के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने बताया कि ऊर्जा मंत्री श्री नागर के द्वारा 56.70 लाख की लागत से निर्मित मेन रोड से खराड़ा के हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क के निर्माण का लोकार्पण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्रीनागर सांगोद नगर पालिका में आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर जनसुनवाई भी करेंगे। जिसमें अधिकारी, कर्मचारी जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## नगरीय विकास कर समस्या समाधान शिविर का आयोजन

**कोटा, 14 फरवरी ।** नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर निगम प्रशासनिक भवन के स्वागत हॉल में नगरीय विकास कर समस्या समाधान शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। जिसमे नगरीय विकास कर को जमा कराने मे आमजन को आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि शिविर में अब तक 32 नागरिकों के द्वारा अपने मांग पत्रो में राशि की गणना को सही करवाया जा चुका है। सिसोदिया ने बताया कि इसी के साथ कोटा उत्तर निगम द्वारा 300 भवन मालिकों को लगभग 20 लाख रूपयें के मांग पत्र जारी किए गए है। जिसमें से लगभग 5 लाख रूपये की राशि जमा भी हो चुकी है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर 21 फरवरी तक राजकीय अवकाश के दिवसों को छोडकर प्रतिदिन प्रातः 11 से आयोजित होगा। नगरीय विकास कर को लेकर आमजन की जो भी समस्या हो वह भवन के दस्तावेजों के साथ कैम्प में आकर समाधान करवा सकते है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया संदेश

**कोटा, 14 फरवरी।** कीर्तांशिम् दी ग्रुप ऑफ सोशल अवेयनेस संस्थान की ओर से शुक्रवार को मातृ -पितृ पूजन दिवस के तहत एक पाती परिजनों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों से मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जागरूकता कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों से अपने अपने माता-पिता के नाम पत्र लिखवाएं गये जिसके माध्यम से सभी निर्वाचनों में परिवार के साथ मतदान करने एवं घर परिवार के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवमतदाताओं के शत- प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए विनम्र अनुरोध किया गया।

# अदाणी फाउंडेशन द्वारा मंगल सेवा अन्तर्गत दिव्यागजनों हेतु निः शुल्क शिविर का आयोजन

**कवाई 14 फरवरी।** प्रशासन द्वारा संचालित ÷सशक्त बारां प्रगति को शक्ति÷ अभियान एवं अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित मंगल सेवा कार्यक्रम अंतर्गत 14 फरवरी 2025 को दिव्यागजनों हेतु निश्शुल्क शिविर का आयोजन ढोल तलाई खेल मैदान अटरू में निश्शुल्क शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक शुभम नागर ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना, विशेष योग्यजन सुखद दाम्पत्य जीवन योजना, विशेष योग्यजन संयुक्त सहायता अनुदान योजना, विशेष योग्यजन पालनहार योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 200 दिव्यागजनो को लाभान्वित किया गया। अदाणी पावर प्लांट हेड प्रमोद सक्सैना ने बताया कि अदाणी समूह द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत् विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिससे देश के लाखो परिवारों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में अटरू तहसीलदार मंजूर अली दिवान ने सभी विशेष योग्यजन को शिविर का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। अदाणी फाउंडेशन से सीएसआर हेड गोपाल सिंह देवड़ा ने बताया कि अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति जी अदाणी के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे दिव्यागजनो को सरकार के साथ मिलकर मुख्यधारा से जोड़ने हेतु मंगल सेवा योजना का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं चयनित दिव्यांग को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैशव नागर अटरू ब्लॉक विकास अधिकारी राहुल बैरवा अदाणी फाउंडेशन से परियोजना अधिकारी सौम्या एवं रामचरण चौधरी, खुशवंत पालीवाल, वसीम अकरम एवं विवेक शर्मा द्वारा पंजीयन व दिव्यागों को जागरूकता हेतु सहयोग प्रदान किया गया।



## स्काउट गाइड्स ने दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

**कोटा, 14 फरवरी।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड कोटा जिले की ओर से पांच दिवसीय जिला प्रतियोगिता रैली का शुक्रवार को दशहरा मैदान में कलर पार्टी द्वारा झंडारोहण के साथ विधिवत् शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन थे। अध्यक्षता स्काउट गाइड जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप माथुर, सामाजिक न्याय एवं बाल अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक मनोज मीणा, शिवशक्ति अस्पताल के निदेशक डॉ. मनोज नागर थे। अतिथियों ने मार्चपास्ट की सलामी दी। मंचासीन अतिथियों के साथ फतेहचंद बागला, अरुण भार्गव आरके शर्मा ने रैली पुस्तिका कर्तव्य पथ का विमोचन किया। स्वागत उद्बोधन यज्ञदत्त हाडा एवं धन्यवाद प्रकाश जायसवाल ने दिया। सायंकॉल को कैंप फायर का आयोजन राज्य प्रधान सुमन श्रृंगी और समाजसेविका जेस्मिन मेवाड़ा के सानिध्य में हुआ। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के तहत नाटक, गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। पर्यावरण संरक्षण व बेटी बचाओ का संकल्प भी दिलाया गया।

## रामगंजमंडी पीएम श्री राउमा विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित

### विद्यार्थियों की चिकित्सा जॉच की जाकर दिया उचित परामर्श

**रामगंजमंडी।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमण्डी में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के तहत स्वास्थ्य जाँच शिविर का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र मीणा प्रोग्रामर श्रीमती आरती शर्मा डॉ राजमोहन मीणा डॉ सुनिता कुमारी डॉ अनिल कुमार मीणा पिंकी शर्मा नीरज मीणा डॉ पवन कुमार गौतम परमानन्द गुर्जर व विनोद कुमार वर्मा प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। उपरान्त चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारियों/ कार्मिकों का तिलिक लगाकर माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया।युसीईईओ क्षेत्र के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय से आये हुए शिक्षकों को नेत्र विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया कि किस प्रकार आप विद्यालय में नेत्र दृष्टि का चार्ट लगाकर विद्यार्थियों



को यह समझा सकते हो कि आपकी नेत्र दृष्टि में कोई विकार है या नहीं,यदि हो तो उन्हें डॉक्टर के पास रैफर करें ।प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी आगुन्तक शिक्षकों को अल्पाहार दिया गया।उक्त सत्र उपरान्त चिकित्सा दल के द्वारा स्थानीय विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की चिकित्सा जॉच की जाकर उचित परामर्श दिया गया एवं कल 15 फरवरी शनिवार को पुनः विद्यालय आकर 50 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया जाएगा व 20 विद्यार्थियों को दन्त विशेषज्ञ के द्वार परीक्षण किया जाकर उपचार किया जाएगा।वहीं 60 विद्यार्थियों को नजर का चश्मा दिया जाएगा।इस प्रकार की चिकित्सा जॉच समस्त विद्यालयों में होनी चाहिए।जिससे कि विद्यार्थी एवं अभिभावक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें क्योंकि उन्हें लगता है कि वे स्वस्थ है पर स्वास्थ्य संबंधी छोटी छोटी बातों से अनभिज्ञ है।जॉच शिविर का समापन प्रधानाचार्य के आभार अभिवादन से हुआ।

## श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया

**कोटा, 14 फरवरी ।** नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा स्टेशन क्षेत्र में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया और भोजन ग्रहण कर रसोई में बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र में निगम की 5 श्री अन्नपूर्णा रसोइयां संचालित है। जिनमे आमजन को गुणवत्ता पूर्ण भोजन करवाया जा रहा है।

## जहाँ संत समाज वहीं प्रयागराज – प्रभाकर साहेब

**ढोलम।** यहाँ धाकड़ समाज की धर्मशाला में तीन दिवसीय विशाल सतसंग समारोह शुक्रवार से प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस प्रवचन देते हुए कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि जो सत्य का आचरण , सत्य की साधना और सत्य की उपासना करता है वही असली संत होता है, ऐसे संतो का समाज जहाँ उपस्थित होता है वही प्रयागराज कहलाता है। उन्होने कहा कि माता पिता साक्षात देवता है , इनकी सेवा से सभी तीर्थों का पुण्य और मन चाहा फल प्राप्त हो जाता है। इसी कारण यहाँ की संस्कृति में माँ बाप की सेवा करने वालों की अग्रीम पूजा की जाती है। प्रभाकर साहेब ने कहा कि जो कोई सोने की चैन पाने का पुरुषार्थ चैन से सोने के लिए करना चाहता है वह गलत धारणा में जी रहा है, सोने के मोह में सीता को भी भटकना पडा । साधनों का सुख तो परिस्थिति जन्य है, शाश्वत सुख है मन की साधना में। वर्तमान की बनावटी व दिखावटी जीवन शैली को उन्होंने भ्रष्टाचार की जड़ बताया। ईमानदारी में देश की गिरती छवि पर चिंता व्यक्त करते हुए संत ने श्रद्धालुओं से अपील की दूसरे को धोका देकर पीछे करना नहीं उनको मौका देकर आगे बढाना सीखे। । संत गुरुबोध, संतोष दास, जगदीश दास, व साध्वी जागृति ने भी सत्संग में भजन वाणी प्रस्तुत किये। इससे पहले संतो के आगमन पर ग्राम वासियों द्वारा संतो का जगह जगह स्वागत किया गया। आयोजन समिति के जगदीश वेद्य ने बताया कि प्रतिदिन 1 से 4 बजे तक सत्संग प्रवचन होंगे।

## महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन 23 मार्च को

**कोटा, 14 फरवरी।** महर्षि गौतम जयंती पर निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा को भव्य बनाने के उद्देश्य से आज गुर्जर गौड ब्राह्मण समिति दादाबाड़ी द्वारा कोटा के गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों की बैठक लैंडमार्क सिटी के विशालाक्षी रेजीडेन्सी में आयोजित की गई। जिसमें सभी कार्यकारिणी के अध्यक्ष, महामन्त्री व पदाधिकारी एवं शहर के गणयमान्य सदस्य शामिल हुए । बैठक में गौतम जयन्ती पर निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा को कैसे भव्य बनाया जाए इस पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभी के सुझावों पर विचार विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा द्वारा प्रमोद गौतम को आयोजन का संयोजक घोषित किया गया। प्रमोद गौतम ने कहा कि अकेला मैं नहीं बल्कि सभी इस कार्यक्रम के संयोजक हैं और यह आयोजन हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। बैठक में शिक्षाविद कुंजबिहारी गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन गौतम, संजय गौतम, जितेन्द्र गौतम, एडवोकेट महेश शर्मा, डॉ. आर सी. गौतम, प्रवीण पंचौली. आर. के. शर्मा, बालचन्द फौजी, खेमराज गौतम, प्रेम गौतम, लेखराज गौतम रोहित गौतम, मोहित गौतम, हेमंत शर्मा एवं अन्य कार्यकताओं ने अपने विचार बैठक में रखे। और सभी ने शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए तन मन धन से जुटने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने किया। उन्होंने आयोजन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि हर वर्ष की भाँति इस बार भी आगामी 23 मार्च को तीन बत्ती सर्किल से दादाबाड़ी चौराहे तक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा । इससे पूर्व 9 मार्च को दादाबाड़ी गौतम वाटिका में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी का भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया जाएगा । बैठक में श्याम बिहारी गौतम, रमेश चंद शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, राजेंद्र मोहन गौतम, रामचंद्र गौतम, अजय शर्मा,राजेंद्र शर्मा,प्रदीप गौतम, गजानंद गौतम, केदार शर्मा, जगदीश गौतम, अनूप गौतम, राजेंद्र शर्मा, श्यामलाल शर्मा, बृजमोहन गौतम, बृजेश गौतम, राधेश्याम गौतम, देवेंद्र गौतम, श्याम शर्मा आदि समाज के सभी पदाधिकारी एवं शहर के गण्यमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण कल्याण परिषद राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ की बैठक आयोजित

**कोटा 14 फरवरी ।** ब्राह्मण कल्याण परिषद राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ ने राजस्थान सरकार द्वारा पुजारीयो को किसान डायरी से वंचित किए जाने के विरोध में एक बडी बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया की 17 फरवरी सोमवार को इसके विरोध में संभागीय आयुक्त कार्यालय सीएडी सर्किल पर प्रदर्शन कर महापडव किया जाएगा । जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि जब तक पुजारीयो को किसान डायरी से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक संभागीय आयुक्त कार्यालय पर महापड़ाव अनिश्चित काल के लिए जारी रहेगा । बैठक में अनिल तिवारी ने कहा कि कृषि मंत्री ने पुजारीयो को किसान डायरी से वंचित रखा है जिस कारण पुजारी समाज में आक्रोश है बैठक मे ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश संयोजक अनिल तिवारी , महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा , संभागीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा , प्रदेश संगठन मंत्री आनंद शर्मा , प्रदेश महामंत्री दयाराम शर्मा , प्रचार मंत्री राजेंद्र शर्मा , झालावाड़ जिलाध्यक्ष लोकेश , बांरा जिलाध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा , बूंदी जिलाध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा , उपाध्यक्ष गिरधर दाधीच , प्रदेश पुजारिन सेना से अर्चना शर्मा , तहसील अध्यक्ष रघुवीर शर्मा , दीपक शर्मा , सत्येंद्र शर्मा , पवन वैष्णव , रामनारायण योगी , लव कुश बैरागी , अनिल शर्मा , पुष्कर राज शर्मा , वीरेंद्र गौतम , अनिल गौतम , विधि सलाहकार नरेश गौतम , जय सिंह चौहान , देवराज अटवाल व महावीर शर्मा आदि की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया ।

## शनिवार व रविवार को आयोजित किये जायेंगे उपभोक्ता राहत कैंप

**रामगंजमंडी।** जयपुर विद्युत वितरण लिमिटेड के उपखंड क्षेत्र रामगंजमंडी में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शनिवार व रविवार को उपभोक्ता राहत कैंप आयोजित किए जाएंगे।जिसमें पीएम सूर्यघर बिल संबंधित कार्य जैसे बिल संग्रहण बिल दुरुस्तीकरण मीटर संबंधित शिकायतों एवं अन्य शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। जिस क्रम में जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी में 15 फरवरी शनिवार को खैराबाद पॉवरहाउस व 16 फरवरी रविवार को लखारिया पॉवरहाउस और जयपुर डिस्कॉम चेचट में 15 फरवरी शनिवार चेचट जीएसएस व 16 फरवरी रविवार को बड़ोदिया जीएसएस पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। जिसका समय प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक रहेगा। कैम्प में मौके पर ही विद्युत बिल से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा।कैंप में सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता राजस्व अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने फीता काट श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया उद्घाटन

**कोटा 14 फरवरी।** भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में तेजाजी चौक चौराहा सोगरिया में श्री अन्नपूर्णा रसोई का फीता काटकर उद्घाटन किया । जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना भाजपा की राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के गरीब, वंचित वर्ग के लोगों को अच्छा, स्वादिष्ट और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत, लाभार्थियों को 8 रुपये में एक थाली में शुद्ध, ताजा और पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिसमें दाल, चपाती,



चावल/खिचड़ी और सब्जी शामिल है। आमजन को सम्मानपूर्वक एक स्थान पर बैठाकर भोजन कराया जाता है। श्री अन्नपूर्णा रसोई में आमजन बहुत ही कम राशी देकर भरपेट भोजन पाते है। रिक्शा चलाने वाले, ऑटो चलाने वाले, ठेले चलाने वाले या राहगीर सभी आमजन सरकार की इस योजना का लाभ ले रहे है। आज कार्यक्रम संयोजक अर्चना भार्गव ने इस श्री अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत की है। इस रसोई में गुणवत्ता एवं साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राजस्थान सरकार की इस योजना से लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां प्रतिदिन प्रातःकाल नाश्ता, उसके उपरांत लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पूर्व भी एक अन्नपूर्णा रसोई चल रही है। वहां भी गुणवत्तापूर्ण भोजन आमजन को उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अवसर पर राजेश शर्मा, बोरखेडा मण्डल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पंकज वात्स्य, मुकेश मेघवाल, शीतलमल गोयल, साधना चौपडा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव महाकुंभ में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**कोटा, 14 फरवरी।** पुरोहित जी की टापरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव महाकुम्भ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भामाशाह श्रीमती पीतांबरा राजे एवं अध्यक्षता सीबीईओ रामचरण मीणा द्वारा की गई। जबकि विशिष्ट अतिथि राजश्री सिंह, कान्ति हाड़ा, क्षत्राणी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष बृजराज सिंह, रेखा शेखावत रहे। अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ अंकों से पास होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बालकृष्ण बांकेथी, जगदीश तिवारी, मोहनलाल बैरवा, धर्म सिंह मीणा उपस्थित मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कुसुमलता मीणा



द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। वार्षिकोत्सव में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु गार्गी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थी नर्गिस बानो एवं टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को पुरस्कृत किया गया।

केविन पीटरसन ने की भविष्यवाणी

# कौन होंगे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनलिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कौन जीतेगा इसके लिए अभी से क्रिकेट दिग्गजों की टिप्पणियां आनी शुरू हो गई। अभी बीते दिन ही पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने खुद को खिताब का दावेदार बताया था। इसी बीच गौतम गंभीर ने भी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी लगाने की बात कही थी। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने सेमीफाइनल में पहुंचने वाली शीर्ष 4 टीमों को लेकर भविष्यवाणी की है। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से यह टूर्नामेंट शुरू होना है जिसका लंबा समय से इंतजार किया जा रहा है। बहरहाल, पीटरसन ने आत्मविश्वास से भारत और पाकिस्तान को टूर्नामेंट के दो सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बताया। एकदिवसीय क्रिकेट में उनके समृद्ध इतिहास और उनके मजबूत लाइन-अप को देखते हुए, दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों से खिताब की दौड़ में प्रमुख खिलाड़ी होने की उम्मीद है। पीटनसन ने मिशेल स्टार्क के हटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को संभावित सेमीफाइनलिस्ट के रूप में खारिज कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने अंतिम चार में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का समर्थन किया। पीटरसन ने कहा कि मेरा मतलब है, यह बहुत कठिन है। वह वाकई में। लेकिन मिचेल स्टार्क के हटने के बाद, मैं भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड कहूंगा। स्टार्क की अनुपस्थिति ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है, जो अब टूर्नामेंट में अपनी प्रसिद्ध तेज तिकड़ी के बिना खेलेगी। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट की चिंताओं के कारण पहले ही बाहर हो गए थे, जिससे विश्व चैंपियंस की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की संभावना और कमजोर हो गई थी।




मेजबान पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची के नव पुनर्निर्मित नेशनल बैंक स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा। बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है, एक ऐसा मैच जिसके प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक होने की उम्मीद है।

# शाहीन अफरीदी को ICC ने दी बड़ी सजा

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 3 खिलाड़ी लपेटे में आए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर आईसीसी ने बड़ा जुर्माना लगाया है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ कराची में खेले गए वनडे मैच में पाकिस्तान के 3 खिलाड़ियों ने साउथ अफ्रीकी खिलाड़ियों से बदतमीजी की, जिसके बाद ये एक्शन लिया गया है. शाहीन अफरीदी के अलावा सऊद शकील और कामरान गुलाम पर भी आईसीसी ने जुर्माना लगाया है. शाहीन अफरीदी ने साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्ज़के के साथ लड़ाई की. वहीं कामरान गुलाम और सऊद शकील ने साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा के आउट होने के बाद आक्रामक जश्न मनाया था.



अफरीदी और मैथ्यू ब्रीत्ज़के की लड़ाई साउथ अफ्रीकी पारी के 28वें ओवर में हुई थी. शाहीन की पांचवीं गेंद पर मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने मिड-ऑन एरिया में शॉट खेला, जिसके बाद अफरीदी ने उन्हें कुछ कहा. शाहीन इस बात से नाराज थे कि मैथ्यू ने पिच की ओर एक-दो बार दौड़ लगाई थी. इस पर अफरीदी ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कुछ कहा और आंखें दिखाईं, जिसका मैथ्यू ने जवाब दिया. अगली गेंद पर जब मैथ्यू ने रन लिया और दौड़ रहे थे, तो अफरीदी उनके रास्ते में आ गए. यह मामला इतना बढ़ गया कि अंपायरों को बीच-बचाव करना पड़ा. हालात को शांत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा और मोहम्मद रिजवान को बातचीत करनी पड़ी. कामरान गुलाम और सऊद शकील ने भी साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा के रन आउट होने के बाद आक्रामक जश्न मनाया. कामरान गुलाम तो उनके मुंह पर जाकर चिल्ला रहे थे, जिसके बाद उनपर भी कार्रवाई हुई है, जबकि वो ये मैच खेल ही नहीं रहे थे ।

### 353 रनों का लक्ष्य किया चेज़

वैसे पाकिस्तान ने बुधवार को कमाल का खेल दिखाते हुए साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हरा दिया. पाकिस्तान को 353 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे इस टीम ने 6 गेंद पहले हासिल कर लिया. पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने शतक लगाकर पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई ।

# चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को मिलेंगे 19.45 करोड़ रुपये

**दुबई, एजेंसी।** 2017 के बाद पहली बार हो रही चैंपियंस ट्रॉफ़ी के विजेता को 19.45 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। आईसीसी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। वहीं उप विजेता को 9.72 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। वहीं सेमीफ़ाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 4.86 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। 2017 के संस्करण की तुलना में इस बार पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत का इजाफ़ा हुआ है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफ़ी में हर मैच मैच पुरस्कार राशि के तौर पर अहम होगा, जहां ग्रुप स्तर पर प्रति मैच जीतने वाली टीम को 29.54 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।



पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली टीम को 3.03 करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। वहीं सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 1.21 करोड़ मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, सभी आठ टीमों को आयोजन में भाग लेने के लिए प्रत्येक को 1.08 करोड़ अतिरिक्त मिलेंगे।

1996 के बाद पाकिस्तान पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेज़बानी कर रहा है। 2025 एडिशन में आठ टीमों को चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है, जहां से शीर्ष पर रहने वाली प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सेमीफ़ाइनल में पहुंचेंगी।

# भारत बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर, क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा



**किंगदाओ (चीन), एजेंसी।** पिछले संस्करण का कांस्य पदक विजेता भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान से 3-0 से हारने के बाद बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गया।

ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की उभरती हुई मिश्रित युगल जोड़ी और महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने अपने से कहीं अधिक उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम आठ चरण में 2017 में चैंपियनशिप के विजेता जापान के खिलाफ भारत की हार को टाल नहीं सके।

पहले मैच में हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो की दुनिया की 12वें नंबर की जोड़ी का सामना करते हुए, ध्रुव और तनिषा ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन अनुभवी जापानी जोड़ी ने 61 मिनट के मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-13 से जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मालविका को दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी तोमोका मियाज़ाकी को रोकने का काम सौंपा गया, लेकिन उनके प्रयास पर्याप्त नहीं थे और वह जापानी स्टार शटलर के खिलाफ़ 21-12, 21-19 से हार गईं।

भारत को एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय की ज़रूरत थी जो उन्हें ट्रैक पर ला सके। 32 वर्षीय प्रणय ने कुछ समय के लिए उन उम्मीदों को ज़िंदा रखा क्योंकि उन्होंने तीसरे और निर्णायक गेम में केंटा निशिमोटो के खिलाफ़ पुरुष एकल मैच जीतने के लिए एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की। हालांकि, निशिमोटो ने निर्णायक गेम में तेज़ी से शुरुआत की और 6-0 की बढ़त हासिल कर ली। प्रणय ने 3-11 के स्कोर पर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और वह एक घंटे 17 मिनट में 14-21, 21-15, 12-21 से हार गए। भारत ने ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में मकाऊ को 5-0 से हराकर और दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से कड़े मुकाबले में हारकर नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

जापान अब फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन और हांगकांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से खेलेगा। बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में भारत का अभियान सेमीफाइनल में चीन से 2-3 से हार के साथ समाप्त हुआ था और वे महाद्वीपीय टूर्नामेंट से अपना पहला पदक - कांस्य - लेकर स्वदेश लौटे थे।

परिणामःभारत जापान से 0-3 से हार गया (ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो हिरोकी मिदोरिकावा/नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गए; मालविका बंसोड़ टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गए; एचएस प्रणय केंटा निशिमोटो से 14-21, 21-15, 12-21 से हार गए।)

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड को लगा झटका, बड़ा खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है और बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में खेलने से पहले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी को 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल करके उनके स्थान पर एक और खिलाड़ी को शामिल किया।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की है कि बुधवार को कराची में टीम के पहले प्रशिक्षण के दौरान सियर्स को बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द महसूस हुआ। उन्होंने स्कैन कराया जिसमें पता चला कि उनकी हैमस्ट्रिंग में मामूली चोट है, जिसके लिए कम से कम दो सप्ताह तक पुनर्वास की आवश्यकता होगी। पुनर्वास समय-सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवतः 2 मार्च को दुबई में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे।



न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, हम सभी बेन के लिए वास्तव में दुखी हैं। इतनी देर से किसी बड़े आयोजन से बाहर होना हमेशा कठिन होता है, और बेन के मामले में यह विशेष रूप से कठिन है, क्योंकि यह उनका पहला बड़ा ढ्रष्ट्र आयोजन होता। उन्होंने कहा, बेन के फिर से खेलने के लिए फिट होने के लिए समय-सीमा का मतलब है कि वह संभवतः समूह चरण के अधिकांश भाग को मिस कर देगा और टूर्नामेंट की छोटी प्रकृति को देखते हुए हमें लगा कि एक ऐसे खिलाड़ी को लाना उचित होगा जो पूरी तरह से फिट हो और खेलने के लिए तैयार हो। बेन बहुत बड़ी क्षमता वाला खिलाड़ी है, और पुनर्वास की छोटी समय-सीमा को देखते हुए हमें यकीन है कि वह न्यूजीलैंड में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए फिट और खेलने के लिए तैयार होगा।

डफी पाकिस्तान में वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल होने के बाद पहले से ही टीम के साथ है। जुलाई 2022 में पदार्पण करने के बाद से डफी ने 50 ओवर के प्रारूप में ब्लैक कैप्स के लिए सिर्फ 10 मैच खेले हैं। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कीवी के लिए अपने 10 मैचों में 25.94 की औसत से 18 वनडे विकेट लिए हैं, जबकि उनकी इकॉनमी 6.25 की रही है। ब्लैक कैप्स के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन जनवरी की शुरुआत में हुआ था जिसके दौरान उन्होंने हैमिल्टन में श्रीलंका के खिलाफ 30 रन देकर दो विकेट लिए थे।

## मेदवेदेव ने मार्सिले में सीजन के पहले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**मार्सिले, एजेंसी** । रूसी टेनिट स्टार डेनियल मेदवेदेव ने ओपन 13 प्रोवेंस टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांसीसी खिलाड़ी पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-2, 6-4 से हराकर सीजन के पहले क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला वर्ल्ड नंबर 8 के लिए खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत अंक जीते। मेदवेदेव के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल की शुरुआत उनके लिए कुछ खास नहीं रही थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में उन्हें दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था, जहां अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन ने उन्हें हराया था। इसके बाद रोटरडैम में भी वे दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और वहां इतालवी खिलाड़ी मैटिया बेलुची से हार गए थे। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में मैं जल्दी हार गया था। मुझे लगा कि जब मैं ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेलता हूं, जो कई बार हुआ है, तो मेरा शरीर पहले से ही थक जाता है। इसलिए मैं थोड़ा धीमा खेलना चाहता था। लेकिन मैंने दो मैच खेले, भले ही वे कठिन थे। उन्होंने कहा कि मार्सिले का टूर्नामेंट उन्हें पसंद है और यहां अच्छा प्रदर्शन करना उनका लक्ष्य है। वाइल्ड कार्ड मेदवेदेव रोम में मई 2023 में जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीते हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा, जिन्होंने ह्यूगो ग्रेनियर को 6-4, 5-7, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। इससे पहले, चीनी खिलाड़ी झांग झिझेन ने बड़ा उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज़ को 6-4, 6-7(1), 6-3 से हराकर अपने करियर का 11वां एटीपी टूर क्वार्टर फाइनल खेला। हार्ड कोर्ट पर शीर्ष 20 खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी पहली जीत थी। इससे पहले, उन्होंने 2023 में टोक्यो में हर्काज़ को हराया था।

# मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं... चैंपियंस ट्रॉफी से पहले स्टार खिलाड़ी की पत्नी को सबसे सामने क्यों देना पड़ा ऐसा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से पाकिस्तान में होने जा रही है. 8 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी. लेकिन इस टूर्नामेंट से पहले कई टीमें अपने खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रहे हैं. भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं. दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को तो आखिरी मौके पर अपनी टीम में 5 बदलाव करने पड़े हैं. इनमें से एक नाम दिग्गज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का भी है. मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया, जिस पर उनकी पत्नी एलिसा हीली का एक बयान सामने आया है ।



## व्यापार

## एलआईसी के निवेश वाला पेनी स्टॉक काट रहा गदर, फिर लगा अपर सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के निवेश वाली कंपनी वक्रग्रीन के शेयरों में शुक्रवार यानी आज अपर सर्किट लगा है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 16.71 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। वक्रग्रीन के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का फैसला है। कंपनी को ह्वाइट लेबल एटीएम लगाने, संचालन करने की अनुमति मिल गई है। 31 जनवरी 2025 तक के डाटा के अनुसार कंपनी के पास कुल 6035 ह्वाइट लेबल एटीएम थे। इनमें से 76 प्रतिशत टायर-4 से टायर-06 तक थे। इसके अलावा वक्रग्रीन के पास अपने 22,395 आउटलेट्स हैं। जिसमें से 81 प्रतिशत टायर 4 से टायर 6 के बीच है।

**2030 तक कंपनी ने रखा बड़ा टारगेट**– कंपनी ने 'विजन 2030' नाम से कैंपेन की शुरुआत की है। इसमें कंपनी का लॉन्ग टर्म गोल सामने आता है। कंपनी की कोशिश है कि 3 लाख आउटलेट्स खोला जा सके। वहीं, एटीएम की संख्या 15,000 तक बढ़ाना है।

## टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को यूके नाइटहुड से सम्मानित किया गया, ब्रिटिश सरकार ने दी जानकारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन) से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

चंद्रशेखरन ने इस सम्मान पर कहा, मैं इस प्रतिष्ठित मान्यता से बहुत अभिभूत हूं, जिसके लिए मैं महामहिम, किंग चार्ल्स का आभारी हूं। मैं यह व्यक्त करना चाहूंगा कि टाटा समूह में हम प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, आतिथ्य, इस्पात, रसायन और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में यूके के साथ इतने मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखने पर कितना गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, हमें जगुआर लैंड रोवर और टेटली जैसे अपने प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांडों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। हम यूके में 70,000 से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। हम इस देश के महान संस्थानों के साथ उपयोगी और विश्व स्तरीय अनुसंधान और शैक्षणिक साझेदारी का आनंद लेते हैं, जिसमें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, वारविक विश्वविद्यालय और स्वानसी विश्वविद्यालय शामिल हैं। टाटा समूह के चेयरमैन ने कहा, मैं टाटा समूह की ओर से ब्रिटिश सरकार को समूह के समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक मजबूत और स्थायी संबंध है और मैं ब्रिटेन में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तत्पर हूं। मुझे यह बड़ा सम्मान देने के लिए एक बार फिर धन्यवाद। चंद्रशेखरन टाटा संस के बोर्ड के अध्यक्ष हैं। यह कंपनी 100 से अधिक टाटा ऑपरेटिंग कंपनियों की होल्डिंग कंपनी और प्रमोटर है।

## सोने की कीमतें बढ़ने से आभूषणों की 80 फीसदी तक घटी मांग, शादी के मौसम के बावजूद धीमी हुई खरीदी

**मुंबई।** सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद इसके आभूषणों की मांग 80 फीसदी तक गिर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, पूरे देश में आभूषण विक्रेताओं की बिक्री में कमी देखी जा रही है। दाम में तेजी से शादी के मौसम के बावजूद ग्राहकों ने खरीदी धीमी कर दी है। दूसरी ओर, चीन में डीलरों ने खरीदारों को लुभाने के लिए छूट की पेशकश की है। संभावित नए अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका से निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने की खरीदी पर जोर दे रहे हैं। इससे बेंचमार्क सोने की कीमतें इस सप्ताह रिकॉर्ड 2,942.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोयंबटूर के जौहरी बी मुथुवेंकट्रम ने कहा, बहुत सारे ग्राहक शादी के मौसम के लिए सोना खरीदना चाहते हैं, लेकिन वे रुक रहे हैं, क्योंकि कीमतें बढ़ती जा रही हैं। वे हमें फोन करते रहते हैं और पूछते रहते हैं कि कीमतें कब गिरेंगी और खरीदने का सही समय कब है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में भारत की आभूषण खपत 563.4 मीट्रिक टन थी, जो चीन के 511.4 टन से अधिक थी।

# आरवीएनएल का शेयर 3 प्रतिशत लुढ़का

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेल विकास निगम के शेयरों की कीमतों में आज 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट तिमाही नतीजों के जारी होने से पहले दर्ज की गई है। कंपनी आज यानी शुक्रवार को तिमाही नतीजों का ऐलान करेगी। पहले कंपनी की तरफ से 12 फरवरी को तिमाही नतीजों का ऐलान होना था। लेकिन इसे आज यानी 14 फरवरी तक के लिए टाल दिया गया था। रेल विकास निगम के तीसरी तिमाही के रिजल्ट पर निवेशकों की निगाह है। आइए समझते हैं कि क्या अब रेल विकास निगम के शेयरों पर दांव लगाना सही रहेगा या नहीं?



**स्ट्रीट को क्या है उम्मीद?**– उम्मीद है कि दिसंबर तिमाही में रेल विकास निगम को 322 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में हो सकता है। अगर नतीजे इस हिसाब से रहते हैं तो सालाना आधार पर रेल विकास निगम का नेट प्रॉफिट 10.2 प्रतिशत गिर जाएगा। हालांकि, अच्छी बात यह होगी कि सितंबर तिमाही की तुलना में इसमें 12.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

इस साल अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने में यह पीएसयू स्टॉक 33 प्रतिशत गिरा है। इस गिरावट के बाद पोजीशनल निवेशकों को एक साल में 48 प्रतिशत का फायदा हुआ है। वहीं, 2 साल पहले रेल विकास निगम के शेयरों को खरीदने वाले निवेशकों को अबतक 400 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिल सकता है। लक्ष्मीश्री इंवेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अंशुल जैन कहते हैं कि कंपनी का जुलाई के अपने उच्चतम स्तर 644 रुपये से 47 प्रतिशत टूट चुका है।

# सेबी को मिलेगा कॉल रिकॉर्ड- ग्रुप चैट पाने का अधिकार; सोशल मीडिया से अवैध वित्तीय सलाह हटाने की भी योजना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सरकार से अपने अधिकार को बढ़ाने की मांग की है। यह मांग मान ली जाती है तो सोशल मीडिया जैसे वॉट्सएप व टेलीग्राम आदि से सभी अवैध वित्तीय सलाह को हटाया जा सकता है। साथ ही, बाजार से जुड़े उल्लंघनों की जांच के लिए संबंधित आरोपियों के कॉल रिकॉर्ड तक पहुंचने की भी मांग की गई है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2022 में भी इसी तरह की मांग सरकार से की थी। एक बार फिर से उसने 3 फरवरी को पत्र भेजा है। यह अपील तब की गई है, जब नियामक ने बाजार उल्लंघनों की जांच तेज कर दी है और सोशल मीडिया पर प्रसारित अनियमित वित्तीय सलाह पर रोक लगा दी है। नियामक के साथ पहले की बैठक के बावजूद सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने कॉल डेटा रिकॉर्ड, समूहों और चैनलों तक पहुंच के लिए सरकार के अनुरोध का अनुपालन नहीं किया है। सेबी ने पिछले सप्ताह सरकार को भेजे पत्र में कहा, मेटा प्लेटफॉर्म की वॉट्सएप जैसी कंपनियों ने नियामक को अपने सोशल मीडिया समूह चैट तक पहुंच से वंचित कर दिया है, क्योंकि वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी कानून उसे अधिकृत एजेंसी के रूप में पहचान नहीं देता है। नियामक का कहना है कि कोई भी ऐसी सामग्री जो प्रतिभूति नियमों का उल्लंघन करती है और वह सामग्री सोशल मीडिया चैनलों पर मौजूद है तो उसे हटाने का अधिकार उसे किसी भी हाल में मिलना चाहिए।

सेबी ने कहा, डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रसारित कॉल या संदेश के डाटा रिकॉर्ड तक पहुंचने की उसके पास शक्ति होनी जरूरी है। कर विभाग, राजस्व खुफिया विभाग और प्रवर्तन निदेशालय जैसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पास तो ये अधिकार हैं, पर नियामकों के पास नहीं हैं। धोखाधड़ी वाले कॉल डाटा रिकॉर्ड तक पहुंचने की शक्ति के अभाव के कारण सेबी गंभीर बाजार उल्लंघनों की जांच करते समय खुद को सीमित पाता है।

### कई तरह की हो रही जांच

मामले की जानकारी रखने वाले एक सरकारी अधिकारी ने कहा, बाजार में हेरफेर जैसे फ्रंट रनिंग और इनसाइडर ट्रेडिंग से संबंधित कई जांच चल रही है। इसके लिए नियामक को इन सोशल मीडिया समूहों के रिकॉर्ड तक पहुंचने की जरूरत होती है। वॉट्सएप समूह और टेलीग्राम चैनल बाजार सहभागियों के बीच लोकप्रिय हो गए हैं। प्रभावशाली लोग पैसे के बदले में शेयर विशेष और अन्य प्रतिभूतियों पर ट्रेडिंग टिप्स साझा करते हैं।

### फिनफ्लूएंसर की बाढ़

पिछले काफी समय में सेबी फिनफ्लूएंसर और अवैध तरीके से निवेश सलाह देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर बेहद ऊंचे रिटर्न की गारंटी देने वाले फिनफ्लूएंसर पर बड़ा एक्शन लिया गया है। यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देश अपने प्रतिभूति नियामकों को सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का सीधा अधिकार नहीं देते हैं। हालांकि, उनके पास धोखाधड़ी और भ्रामक विज्ञापन जैसी अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को दंडित करने का अधिकार है।

# एस एस आई एसोसिएशन द्वारा कोटा में 1 मार्च से एम एस एम ई एक्सपो, 3 करोड़ खर्च होंगे

कोटा।14 जनवरी (देश न्यूज़)एसएसआई एसोसिएशन कोटा द्वारा 1 से 3 मार्च तक दशहरा मैदान, कोटा में एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने बताया कि इस एक्सपो का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 1 मार्च को सुबह 10-30 बजे करेंगे।इसमें उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और बड़े पैमाने के उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। देशभर के उद्यमियों की इस एक्सपो में 500 से अधिक स्टॉल लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा इस एक्सपो के लिए पूर्ण मार्गदर्शन मिल रहा है।

**स्टार्टअप और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन**-संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने बताया कि एक्सपो में 100 नए स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए 100 विशेष स्टॉल की व्यवस्था की गई है। निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि स्टॉल बुकिंग के एस एस आई द्वारा नियुक्त सदस्यों से सम्पर्क कर सकते हैं। अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**समग्र विकास का मंच**-प्रोजेक्ट संयोजक राकेश जैन ने बताया कि एक्सपो में एनएसआईसी, केवीआईसी, एपीडीए, हैंडलूम विभाग और हस्तशिल्प बोर्ड जैसे प्रमुख सरकारी विभाग भाग लेंगे। यहां उद्यमियों को नए उत्पादों के लिए कच्चे माल का आदान-प्रदान, समस्या निवारण शिविर और मोटिवेशनल कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इस आयोजन पर 3 करोड़ रूपया खर्च किया जाएगा। जिसकी अधिकतर राशि सरकार और उसके विभागों द्वारा वाहन की जाएंगी।

**एक्सपो के प्रमुख आकर्षण और भागीदारी**-अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई एक्सपो 2025, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के एमएसएमई क्षेत्र के भीतर वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**विशेषज्ञों का मार्गदर्शन**-एक्सपो में उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इनमें एमएसएमई विकास, नवीन तकनीकें और व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा होगी। सरकारी विभागों से जानकारी और संसाधनों तक पहुंच के साथ बड़े उद्योगों के अनुभवों का लाभ भी मिलेगा। यह एक्सपो एमएसएमई क्षेत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग जगत के बीच सहयोग का एक मजबूत मंच बनेगा।

**व्यापक प्रदर्शनी और सेमिनार का आयोजन**-निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि एक्सपो में एक विविध प्रदर्शनी मंच होगा, जिसमें कोटा क्षेत्र और देशभर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों एमएसएमई अपनी पेशकश प्रदर्शित करेंगे। उपस्थित लोग अत्याधुनिक समाधान, अद्वितीय उत्पाद और उभरते व्यवसाय मॉडल की खोज कर सकेंगे। विशेष रूप से, एक्सपो में हथकरघा विभाग, हस्तशिल्प बोर्ड, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित प्रमुख सरकारी निकायों के समर्पित मंडप और स्टॉल भी होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रमुख स्थानीय उद्योग अपनी विक्रेता विकास पहल के लिए एक्सपो का उपयोग करते हुए एक मजबूत उपस्थिति बनाएंगे। उद्योग विशेषज्ञ और विचारक एमएसएमई विकास के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित करेंगे, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी होंगे।




## बड़े उद्योगों के न आना कोटा के औद्योगिक विकास में बड़ा अवरोध

दैनिक देश की धरती के एक प्रश्न के उत्तर में संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने कहा कि कोटा में लघु उद्योगों के पतन का मुख्य कारण कोटा में नए बड़े उद्योगों का न आना और साथ ही साथ में पुराने उद्योग यथा इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड जेके सिंथेटिक , ओरिएंटल पावर केबल्स तथा अन्य बड़े उद्योगों का बंद होना है। वर्तमान में भी कोटा में जब तक बड़े उद्योगों का आगमन नहीं होता है लघु उद्योगों के तीव्र विस्तार की संभावना नहीं है। हालांकि वे इस प्रश्न को टाल गए की क्या बड़े उद्योगों को ना आने का कारण राजनेता एवं राजनीति है?

## रोटरी क्लब कोटा द्वारा दिव्यांगजन सहायता शिविर 15 से

# श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति 10000 से ज्यादा उपकरण देगी

**कोटा, 14 फरवरी।(देश न्यूज़)** रोटरी क्लब कोटा की ओर से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से भारत के सबसे बड़े दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् फरवरी माह में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 15-16 फरवरी को केलवाड़ा, 19-20 फरवरी को इटावा, 22, 23, 24 फरवरी को कोटा तथा 26-27 फरवरी बेगूं में शिविर लगाए जाएंगे। मनोहरथाना में 11-12 फरवरी को शिविर आयोजित किया जा चुका है। जिसमें 400 दिव्यांग लाभान्वित हुएं हैं। रोटरी सचिव घनश्याम मूंदडा ने इस महाअभियान के तहत लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को जयपुर फुट, कैलिपर्स, व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राय साइकल, श्रवण यंत्र जैसे आवश्यक उपकरण निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुपम शर्मा एवं प्रवीण भंडारी ने बताया कि इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सहूलियत, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करना है। अभियान की तैयारियों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सैकड़ों दिव्यांगजन सहायता उपकरण प्राप्त करने के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। अभियान के तहत अब तक 4000 पंजीयन हो चुके हैं इस बार रोटरी ने दिव्यांग जनों के घर पर जाकर भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सहयोग से उनकी परेशानियों को कम करने का प्रयास किया है। पत्रकार वार्ता में बताया कि पंजीयन ना होने पर भी जो भी दिव्यांग जन शिविर में आएंगे उनको उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। अभियान के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के द्वारा रोटरी बिनानी सभागार में किया गया।

# बाघिन ऐरोहेड का शावक पहुंचा रणथंभौर दुर्ग

## 2 दिन से बना हुआ है मूवमेंट, वन विभाग की टीम कर रही मॉनिटरिंग



सवाई माधोपुर 14 फरवरी। रणथंभौर दुर्ग में एक बार फिर से बाघ टी-84 एरोहेड के शावक का मूवमेंट देखा जा रहा है। यहां बाघिन के एक फिमेल शावक का मूवमेंट पिछले 2 दिन से लगातार दुर्ग में बना हुआ है। हालांकि वन विभाग की ओर से बाघिन के शावक की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के रेंज ऑफ प्रोजेक्ट टाइगर रेंजर अश्वनी प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को बाघिन ऐरोहेड का एक फिमेल शावक रणथंभौर दुर्ग में आ गया था। जिसका मूवमेंट रणथंभौर दुर्ग में शुक्रवार को भी बना हुआ है। जबकि बाघिन व उसके 2 अन्य शावकों का मूवमेंट जोन नम्बर 3 में है। यहां बाघिन का शावक अकेले ही रणथंभौर दुर्ग में घूम रहा है। इस दौरान शावक का मूवमेंट पद्मला तालाब, लक्ष्मी नारायण मंदिर, हम्मीर महल के आसपास बना हुआ है। बाघिन ऐरोहेड के फिमेल शावक की उम्र करीब डेढ़ साल है। शावक के दुर्ग में आने की सूचना गुरुवार को मिली थी। जिस पर तुरंत एक टीम का गठन किया गया। फिलहाल ऐहतियात के तौर पर शावक की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। हालांकि इस दौरान रणथंभौर दुर्ग में पर्यटकों का प्रवेश नहीं रोका गया है?।

# अवैध देशी पिस्टल व 01 जिन्दा कारतूस बरामद,आरोपी गिरफ्तार



कोटा 14 फरवरी। रेल्वे कालोनी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध देशी पिस्टल व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आदतन अपराधियों,मादक पदार्थों एव अवैध फायर आर्म्स के विरुद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में थानाधिकारी थाना रेल्वे कालोनी रामस्वरुप मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 13 फरवरी 25 को कार्यवाही करते हुए लॉको कॉलोनी पानी की टंकी के पास से मुल्जिम जगदीश चन्द्र अग्रवाल पुत्र गोपालदास उम्र 40 साल निवासी बालाजी नगर बालिता रोड थाना कुन्हाडी कोटा को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध देशी पिस्टल व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीबद्द कर अवैध हथियार की खरीद फरोख्त के संबंध में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

# नाबालिग से रेप के 2 दोषियों को जेल

## 70 हजार का लगाया जुर्माना, घर से किया था अपहरण

**बूंदी 14 फरवरी।** बूंदी में नाबालिग से रेप के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। न्यायाधीश सलीम बदर की अदालत ने मुख्य दोषी और उसके साथी को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीड़िता 25 अप्रैल 2024 की रात में अपने घर में अकेली सो रही थी। सुबह करीब 5 बजे परिजनों को पता चला कि वह घर से गायब है। पीड़िता की मां ने तुरंत कापरेन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक नाबालिग को जान से मारने की धमकी देकर अपने साथ ले गया और उसके साथ कई बार रेप किया। इस अपराध में दूसरे युवक ने भी सहयोग किया। विशेष लोक अभियोजक मुकेश जोशी ने मामले में पैरवी की। उन्होंने अदालत में 25 गवाहों के बयान और 46 दस्तावेज साक्ष्य पेश किए। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया।

# प्रशासन ने प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन से मांगी मदद, 3 मृतकों के शवों को मंदसौर पहुंचाया

कोटा 14 जनवरी। कुंभ से लौट रहे मंदसौर के रहने वाले 3 यात्रियों का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था, शवों को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंगल एवं एमबीएस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक को इसकी सूचना दी। मानवता का फर्ज निभाते हुए सभी मृतकों के शवों को निशुल्क मंदसौर के लिए रवाना किया गया। प्रतिक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक ने बताया कि परिवार की आय से अब तक कोटा में लगभग 101 ओर खंडेला में 52 दाह संस्कार करवा चुकी हैं। दाह संस्कार के अलावा फाउंडेशन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है। प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन बनाया गया इसमें राजस्थान में 300 से अधिक सदस्य जुड़े हुए है जो कि विभिन्न माध्यम से सेवा कार्य करते है।

# मनरेगा कर्मियों ने की नियमित करने की मांग

## 9 साल से कार्यरत कर्मचारियों ने दी 20 फरवरी के बाद हड़ताल की चेतावनी

झालावाड़। झालावाड़ में मनरेगा कर्मियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शम्भूदयाल मीना को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कमेटी के आह्वान पर जिला परिषद के सभी मनरेगा कर्मी इस मांग को लेकर एकजुट हुए। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 9 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत हैं और अब उनका नियमितीकरण किया जाना चाहिए। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे 20 फरवरी के बाद हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हड़ताल की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश सेन, ओम प्रकाश रैगर, देवी शंकर कश्यप, राजेश वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, मुकेश मालव और नरेंद्र जांगिड़ सहित अन्य मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

# चोरी की 5 वारदातों को खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

## नशे की लत पूरी करने के लिए करते थे चोरी; दिन में सूने मकानों को बनाते थे निशाना



**बूंदी 14 फरवरी।** बूंदी के लाखेरी में पुलिस ने लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नशे की लत के कारण पांच चोरियां करना स्वीकार किया है। पुलिस अब चोरी के सामान की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। लाखेरी एसएचओ सुभाष शर्मा के अनुसार करवर निवासी अर्जुन नायक और शाहरुख को साईं जी का तकिया इलाके में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कस्बे में अन्य चोरियों को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पिछले कुछ दिन में कस्बे में दिनदहाड़े पांच अलग-अलग स्थानों पर चोरियां हुई थीं। बदमाशों ने गणेशपुरा पानी की टंकी के पीछे, चरण दास बालाजी, साईं जी का तकिया, लक्ष्मी विहार कॉलोनी और शंकरपुरा में सूने मकानों को निशाना बनाया था। जांच में सामने आया कि आरोपी करवर से केवल चोरी करने के लिए आते थे। वे दिन के समय सूने मकानों और कम चहल-पहल वाले इलाकों को निशाना बनाते थे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस इन बदमाशों तक पहुंची। एक रोचक तथ्य यह भी सामने आया कि एक चोरी में जहां जेवरात और नकदी की शिकायत की गई थी, वहां से चोरों को बेहद कम नकदी ही मिली थी। पुलिस अब चोरी के सामान की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट के 5 आरोपी गिरफ्तार

## खेत की तारबंदी को लेकर हुआ था झगड़ा, लाठियां बरामद



बूंदी 14 फरवरी। बूंदी जिले के हिण्डौली थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की कब्जे से लाठियां भी बरामद की हैं। घटना 28 नवंबर की है। एसपी राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि पीड़ित पप्पूलाल अपने परिजनों राजेश, श्रवण लाल और रोडू जी के साथ अपने खेत में तारबंदी के लिए खड्डे खोद रहे थे। इसी दौरान हेमराज, रामलाल, मुकेश, हरिसिंह और सुरेश वहां पहुंचे और तारबंदी को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया, जिसमें सबसे पहले हेमराज ने राजेश और पप्पूलाल के सिर पर वार किया। इसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर श्रवण लाल, नंदलाल, आशाराम और पूजा पर भी लाठियों से हमला किया, जिससे सभी घायल हो गए। मामले में स्थानीय महिलाओं ममता और प्रेम बाई के हस्तक्षेप से विवाद शांत हुआ। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त लाठियां भी बरामद कर ली हैं। थानाधिकारी हिण्डोली के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की है।

**इनको किया गिरफ्तार**-पुलिस ने जांच के बाद हेमराज, मुकेश, हरिसिंह, सुरेश और रामलाल निवासी रोशंदा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण मे दिगर अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी सहदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, भगवान, शिशपाल शामिल थे।

# संस्कृत अध्ययन में राजस्थान अग्रणी प्रदेश: मदन दिलावर



त्रिचूर 14 जनवरी। केरल में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का केंद्रीय संस्कृत विश्विद्यालय में व्याख्यान आयोजित किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों एवं आचार्यों को संबोधित करते हुए राजस्थान के शिक्षा,पंचायती राज एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान की सरकार संस्कृत के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां संस्कृत निदेशालय है। देश का सबसे बड़ा संस्कृत विश्वविद्यालय जगदुरु रामानुजाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर में स्थापित है। संस्कृत के अध्ययन के लिए प्रदेश के हर जिले में सरकारी महाविद्यालय संचालित है। संस्कृत में उत्कृष्ट शोध के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से शोध सेंटर बनाया जा रहा है। वेद अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार इसी वर्ष से सभी सात संभाग मुख्यालयों पर आदर्श वेद विद्यालय प्रारंभ करने जा रही है। संस्कृत शिक्षकों के शतप्रतिशत प्रमोशन कर दिए गए है। संस्कृत शिक्षा हेतु अधिक से अधिक बजटीय प्रावधान किया जा रहा है। अतिथि व्याख्यान के पूर्व केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,केरल के प्राचार्य के के शेन ने राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री का स्वागत,अभिनंदन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य गण श्री मधुसूदन,हर्ष कुमार, वी आर नारायणन सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अमेरिका कल 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को भेजेगा

**अमृतसर 14 फरवरी।** अमेरिका से 119 अवैध अप्रवासी भारतीयों का दूसरा बैच शनिवार की रात 10 बजे पंजाब के अमृतसर पहुंचेगा। इसमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग सवार होंगे। विमान के अमृतसर में लैंड करने के समय को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कोई पुष्टि नहीं की है। 16 फरवरी को भी रात 10 बजे एक और विमान अप्रवासी भारतीयों को लेकर आएगा। इससे पहले 5 फरवरी को अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 से 104 भारतीयों को अमृतसर पहुंचाया गया था। इन लोगों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर लाया गया था। इस बार भारतीयों को कैसे डिपोर्ट किया जाएगा, क्या उन्हें फिर से हथकड़ी-बेड़ियां पहनाकर भेजा जाएगा, इसे लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।



**सीएम मान ने कहा-** यह पंजाबियों को बदमान करने की साजिश-अमृतसर में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा, %पंजाब में अवैध अप्रवासियों के विमान उतारना गलत है। यह पंजाब को बदनाम करने की साजिश है। जो लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे, उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है। पहले भी जो लोग डिपोर्ट हुए थे, उनमें अलग-अलग प्रदेशों के लोग थे। फिर विमान अमृतसर में क्यों उतारे जा रहे हैं। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा, ऐसा करके केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम करना चाहती है। वह प्लेन को गुजरात, हरियाणा या दिल्ली में क्यों नहीं उतरवाते।

पहली बार सैन्य विमान से भारतीयों को डिपोर्ट किया गया- भारतीय अप्रवासियों को डिपोर्ट करने वाला पिछला अमेरिकी सैन्य विमान 4 फरवरी को सुबह 3 बजे अमेरिका के सैन एंटोनियो से रवाना हुआ था। यह पहली बार था जब अमेरिका ने अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमान का इस्तेमाल किया। इससे पहले अलग-अलग रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि अमेरिका ने डिपोर्टेशन के लिए कुल 205 अवैध भारतीयों की पहचान की है। फिर डिपोर्ट किए जाने वाले 186 भारतीयों की सूची भी सामने आई थी, लेकिन जब विमान उतरा तो केवल 104 भारतीय ही सामने आए।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, वृत्त कोटा**

राजकाज न. : 13616489 दिनांक : 14.02.2025

**बिड आमन्त्रण सूचना संख्या 04/2024-25**

वृत्त कोटा के अन्तर्गत खण्ड कोटा एवं बारां के विभिन्न निर्माण कार्यों की ऑन-लाईन बिड्स ई-प्रोक्यूमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से क्र.स. 1, 2 व 5 से 12 तक पर अंकित कार्य की निविदाऐं दिनांक 28.02.2025 तक एवं क्र.स. 3 व 4 पर अंकित कार्य की निविदाऐं दिनांक 10.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। (UBN No AGM2425WSOB00640 to 651)

राज.संवाद/सी/24/11757 अधीक्षण अभियंता


# राजस्थान में 15 मई तक वार्डों का पुनर्गठन होगा

## 15 हजार की आबादी तक 20 वार्ड बनेंगे; एक होंगे जयपुर, जोधपुर और कोटा निगम




**जयपुर 14 फरवरी।** राजस्थान सरकार पंचायती राज संस्थाओं के बाद शहरी निकायों का भी पुनर्गठन करने जा रही है। नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं की सीमाओं में बदलाव होगा। जयपुर, जोधपुर और कोटा में दो की जगह एक नगर निगम होगा। इसके लिए 16 फरवरी से 15 मई तक वार्डों का पुनर्गठन किया जाएगा। इस पुनर्गठन के बाद ही प्रदेश में निकाय चुनाव होंगे। इससे पहले स्वायत्त शासन विभाग ने 22 नवंबर को अधिसूचना जारी कर 1 दिसंबर से 1 मार्च तक वार्डों के परिसीमन की घोषणा की थी। आखिरी वक्त पर परिसीमन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। अब नए सिरे से इसकी घोषणा की गई है। पिछले महीने मंत्रिमंडल उपसमिति का भी गठन हो चुका है, जो स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किए गए परिसीमन का अध्ययन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को रिपोर्ट देगी। इसके बाद ही सरकार के स्तर पर राजस्थान की नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के वार्डों के परिसीमन में बदलाव पर मुहर लगेगी।

स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह बताया- राजस्थान में 2011 की जनसंख्या को आधार मानते हुए वार्डों का पुनर्गठन और परिसीमन किया जाएगा। प्रदेश में 15 हजार तक की आबादी पर 20 वार्ड का गठन होगा। 25 लाख से 35 लाख तक की आबादी पर 150 वार्ड का गठन किया जाएगा। वार्डों के पुनर्गठन की घोषणा के साथ ही राज्य सरकार ने जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम को एक करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही तीनों शहरों में पिछले कांग्रेस शासन में बनाए गए दो-दो निगम को फिर से एक करने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिका, रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.)**

क्रमांक: न.पा.रा./2025/4297 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक :14.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका द्वारा स्वीकृत योजना में निर्माण स्वीकृति एवं नामान्तरण साथ ही आबादी क्षेत्र में स्थित भूमि / मकान नाम दर्ज हेतु नगरपालिका कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है निम्न पत्रावलियों के निर्माण स्वीकृति अनुज्ञा पत्र / नामान्तरण / नगरीय विकास कर अनुभाग में नाम दर्ज किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दे। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पता | राजस्व ग्राम मय खसरा नं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | उनवान | चर्तुसीमा की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती स्वाति पोरवाल पत्नी श्री सुमित पोरवाल जाति पोरवाल निवासी रामगंजमण्डी | गोरधनपुरा 80 120 | 2 3 Part | 2745 | भवन निर्माण स्वीकृति | शेष भाग प्लाट न. 3 | प्लॉट नं. 1 | कॉलोनी रास्ता | अन्य भूमि |
| 2 | श्रीमती राखी गर्ग पत्नी श्री विनोद गर्ग जाति महाजन निवासी रामगंजमण्डी | गोरधनपुरा 89 | D-1 | 1250 | भवन निर्माण स्वीकृति | रोड़ | प्लॉट नं. डी-21 | कृषि भूमि | प्लॉट नं. डी-2 |

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी**



**पश्चिम मध्य रेल**

**निविदा सूचना-शुद्धिपत्र**

**सिग्नल एवं दूरसंचार ( गतिशक्ति ) यूनिट, कोटा मण्डल**

निविदा सं. ईपीसी-कोटा-आरटीए-डब्ल्यूसीआर-एसएनटी-जीएसयू, दिनांक 13.02.2025

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (गतिशक्ति) यूनिट पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा, राजस्थान 324002 कार्यालय की निविदा सं. ईपीसी-कोटा-आरटीए - डब्ल्यूसीआर-एसएनटी-जीएसयू दिनाकं 11.02.2025 में निम्नलिखित आंशिक संशोधन किया गया है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब साइट http://www.ireps.gov.inपर देखे। **शुद्धिपत्र -1 ( दिनांक 12.02.2025 )**-बिडिंग प्रक्रिया की अनुसूची को संशोधित किया गया है:प्री-बिड मीटिंग: अब 28.02.2025 को 15:00 बजे आयोजित की जायेगी। अथॉरिटी रेसपॉस टू क्वेरी : मूव्ड टू 04.03.2025। **शुद्धिपत्र-2 ( दिनांक 13.02.2025 )**-टेंडर दस्तावेजो में उल्लिखित टेंडर नं./ बिड नं.: ईपीसी-कवच-कोटा-आरटीए - डब्ल्यूसीआर-कोटा-एसएनटी-जीएसयू को अब निम्नलिखित के रूप में पढ़ा जाए: ईपीसी-कोटा-आरटीए-डब्ल्यूसीआर-एसएनटी-जीएसयू जैसा कि आईआरईपीएस एनआईटी दिनांक 11.02.2025 में उल्लिखित है। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर ( गतिशक्ति ) यूनिट कोटा
पश्चिम मध्य रेलवे, टेलीफोन नं. 0744-2467058

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


प्रकाशक, मालिक, मुद्रक प्रदीप जैन द्वारा देश की धरती प्रेस ओ.सी.एफ.-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर कोटा से मुद्रित होकर OCF-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर, कोटा ( राज. ) से प्रकाशित। संपादक प्रदीप जैन आर.एन.आई.न.26204/74 कोटा मो.नं. 9829221551